चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 79, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 13 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गुजरातः फिर भड़का दंगा, मचा बवाल

### हिम्मतनगर में दंगाई घरों पर पेट्रोल बम फेंक रहे, पुलिस मदद नहीं कर रही; लोग पलायन को मजबूर, सोमवार की देर रात फिर से हिम्मतनगर के वंजारावास इलाके में दंगा भड़क उठा







**हिम्मतनगरः** 10 अप्रैल को रामनवमी पर गुजरात के तीन जिलों हिम्मतनगर, खंभात और द्वारका में दो समुदाय के बीच दंगे हुए थे। दंगे के बाद तीनों जिलों में 144 धारा लगा दी गई थी। लेकिन, सोमवार की देर रात फिर से हिम्मतनगर के वंजारावास इलाके में दंगा भड़क उठा। दंगाई दूसरे समुदाय के लोगों के घरों को निशाना बना रहे हैं। इससे पहले पुलिस ने शांति समिति की बैठक करके दोनों समुदायों से शांति की अपील की थी। हालांकि इसके बाद भी दंगाइयों ने एक खास समुदाय के लोगों के घरों में पेट्रोल बम और पत्थर फेंके, नतीजा दर्जनों परिवार अपनी जान बचाने के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। पुलिस भी मदद नहीं कर रही।

**सोमवार देर रात बमों से हुआ हमलाः** वंजारावास इलाके के लोगों का कहना है कि पुलिस ने उन्हें घर से बाहर न निकलने की हिदायत दी थी। लेकिन, सोमवार देर रात उनकी बस्ती पर हमला हुआ। घरों में तोड़फोड़ की गई और सामान भी चोरी कर लिया गया। रात में




चांदनगर और हसननगर के लोगों ने उन पर हमला किया था। दंगाइयों ने उनके घरों पर पेट्रोल-बम फेंके, जिससे दो घरों में आग भी लग गई थी। पुलिस टीम के पहुंचने तक हमलावर फरार हो गए थे।

**जुलूस के दौरान हुआ था पथरावः** साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर कस्बे में रामनवमी के दिन शोभायात्रा निकाली गई थी। इसी दौरान हसननगर दरगाह के पास जुलूस में लाउडस्पीकर बजाने को लेकर दोनों पक्षों में बहस हो गई थी। बहस आगे बढ़ते हुई हिंसा में तब्दील हो गई और दोनों समुदायों के लोगों में पथराव और मारपीट होने लगी। बाद में गाड़ियां और दुकानें भी जला दी गईं। इस घटना में दस से ज्यादा पुलिस वाले भी घायल हुए थे।

**पुलिस बंदोबस्त के बावजूद बस्ती पर हुआ हमलाः** हिम्मतनगर में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद गृह विभाग और पुलिस एक्शन में आए। पुलिस, आरएएफ और एसएएफ की तैनाती कर दी गई थी। स्थिति की जांच करने और दंगे रोकने के लिए जिला पुलिस प्रमुख और कलेक्टर की अध्यक्षता में सोमवार शाम को शांति समिति की बैठक भी हुई थी। लेकिन, शांति समिति की बैठक के पांच घंटे बाद ही देर रात हिम्मतनगर के वंजारावास में हमला हो गया।

**गृह राज्यमंत्री मौके पर पहुंचेः** बस्ती में रहने वाले राहुल सिंह राजपूत ने बताया कि अब तक करीब 50 परिवार बस्ती छोड़कर जा चुके हैं। पलायन की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के साथ गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी वंजारावास पहुंचे और लोगों को उनकी सुरक्षा का वादा किया।

फिलहाल, इलाके में पुलिस के कड़े बंदोबस्त कर दिए गए हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साधनों से उन लोगों की तलाश की जा रही है, जिन्होंने रात में बस्ती पर हमला किया था। अब तक करीब 15 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

## विप चुनावः भाजपा को 33 सीटें, सपा जीरो

**नई दिल्लीः** 40 साल में ये पहली बार है जब यूपी विधान परिषद (विप) में किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है। ये रिकॉर्ड भाजपा के नाम दर्ज हो गया है। इसके पहले 1982 में कांग्रेस के पास पूर्ण बहुमत था। यूपी विधान परिषद में 100 सीटें हैं। इनमें से 36 सीटों के लिए चुनाव हुए। नौ सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। जिन 27 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से 24 पर भाजपा को जीत मिली। तीन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीत गए। विधान परिषद में बहुमत का आंकड़ा 51 का है। अब भाजपा के 67 एमएलसी हो चुके हैं। यानी बहुमत के आंकड़े से भी 16 ज्यादा।

**पीएम मोदी ने दी बधाईः**



एमएलसी चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी। पीएम मोदी ने लिखा, 'उत्तर प्रदेश विधान परिषद के चुनावों में सभी विजयी उम्मीदवारों को बहुत-बहुत बधाई। यह जीत एक बार फिर भाजपा के विकास मॉडल पर जनता-जनार्दन के विश्वास की अभिव्यक्ति है। योगी आदित्यनाथ जी की सरकार के साथ ही पार्टी संगठन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं को ढेरों शुभकामनाएं।'

## नेशनल हेराल्ड: ईडी के समक्ष पेश हुए पवन बंसल

**नई दिल्लीः** नेशनल हेराल्ड मामले में मल्लिकार्जुन खड़गे के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व रेलमंत्री पवन कुमार बंसल मंगलवार सुबह 11 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यालय पहुंचे। पवन बंसल का यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के संबंध में बयान दर्ज होना है।

## दुनियाभर को खाना मुहैया कराने के लिए तैयार भारतः मोदी



**नई दिल्लीः** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हुई अपनी बातचीत के दौरान विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की अनुमति मिलने पर दुनिया को भारत के खाद्य भंडार की आपूर्ति करने की पेशकश की है। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गुजरात के अदलज में श्री अन्नपूर्णा धाम ट्रस्ट के छात्रावास और शिक्षा परिसर के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ये बड़ी बात कही।

**दुनिया के खाद्य भंडार हो रहे खालीः** प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि इस जंग के कारण दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खाद्य भंडार घट रहा है। आज दुनिया एक अनिश्चित स्थिति का सामना कर रही है, क्योंकि किसी को वह नहीं मिल रहा है जो उसे चाहिए। पेट्रोल, तेल और उर्वरक की उपलब्धता घट रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया अब एक नई और सबसे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। वो यह है कि दुनिया का अन्न भंडार खाली हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जब में मैं अमेरिकी राष्ट्रपति से बात कर रहा था और उन्होंने इस मुद्दे को उठाया, तो मैंने सुझाव दिया कि अगर विश्व व्यापार संगठन अनुमति देता है, तो भारत कल से दुनिया को खाद्य भंडार की आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

## विवादः दिल्ली के सीएम ने ली पंजाब के अधिकारियों की बैठक



**चंडीगढ़ः** पंजाब सरकार एक नए विवाद में फंस गई है। दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पंजाब के अधिकारियों की बैठक ली। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान मौजूद नहीं थे। अब इस बैठक पर कांग्रेस और कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भगवंत मान को घेरा है। पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने ट्वीट किया कि पंजाब के मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी, सचिव पावर दलीप कुमार और पीएसपीसीएल के चेयरमैन बलदेव सिंह सरन के साथ दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बैठक की। इस बैठक में पंजाब के सीएम भगवंत मान और बिजली मंत्री हरभजन सिंह मौजूद नहीं थे। हालांकि सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने इस बैठक में हिस्सा लिया था।

**वड़िंग बोले-क्या सीएम ने माथा भी टेक दिया हैः** वड़िंग ने सवाल किया कि क्या पंजाब दिल्ली की कठपुतली है। किस हैसियत से और किस मुद्दे पर यह बैठक हुई। सीएम भगवंत मान इसे सार्वजनिक करें। इसके बाद उन्होंने मान पर तंज कसा कि सर तो झुका दिया ही था अब माथा भी टेक दिया है क्या? उन्होंने सवाल किया कि पंजाब के ह्यवरिष्ठ अधिकारीह्ल क्या अब अरविंद केजरीवाल के दरबार में हाजरी लगाएंगे? क्या पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिर्फ नाममात्र के मुखिया हैं।

**सिद्धू ने कहा-चलने दो आंधियां हकीकत कीः** पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिद्धू ने भी इस मामले में सीएम भगवंत मान से सवाल किए। सिद्धू ने ट्वीट किया कि चलने दो आंधियां हकीकत की, न जाने कौन से झोंके से बहरूपियों के मुखौटे उड़ जाएं... पंजाब के आईएएस अधिकारियों को सीएम भगवंत मान की अनुपस्थिति में अरविंद केजरीवाल ने तलब किया।

## नीतीश कुमार की सुरक्षा में फिर चूक

### सीएम के जनसंवाद कार्यक्रम में बम फूटा; कुछ दिन पहले घूंसा मारने की हुई थी कोशिश

**पटनाः** बिहार के नालंदा से बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां सिलाव के गांधी हाईस्कूल में कार्यक्रम के दौरान एक धमाका हुआ। इस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में ही मौजूद थे और धमाका उनसे कुछ ही दूरी पर हुआ। राहत की बात यह रही कि सीएम नीतीश को किसी भी तरह की कोई चोट नहीं आई। रिपोट्र्स की मानें तो धमाका किसी छोटे-मोटे पटाखे का बताया जा रहा है। हालांकि, अब तक पुष्टि नहीं हो पाई है कि



धमाका किस चीज से किया गया। मामले में पुलिस ने एक आरोपित को दबोच लिया है। फिलहाल किसी के घायल होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है। दरअसल, बीते दिन सीएम नीतीश सबसे पहले पावापुरी गए थे। वहां से सिलाव होते हुए उन्हें राजगीर जाना है। इसी दौरान वे सिलाव के गांधी हाईस्कूल में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे, जहां यह घटना हुई। बताया जा रहा है कि जब स्कूल में बने पंडाल में सीएम नीतीश करीब 250 लोगों से आवेदन ले रहे थे, तभी अचानक पंडाल में बनाए गए मंच के पीछे धमाका हुआ। धमाके की आवाज के बाद भगदड़ मच गई।

## झारखंड रोप-वे रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा

**देवघर (झारखंड)**
झारखंड के देवघर में त्रिकुट पर्वत पर रोप-वे हादसे के 45 घंटे बाद रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो गया। रोप-वे की ट्रॉलियों में फंसे 48 लोगों में से 46 को बचा लिया गया है। हादसे में कुल 4 लोगों की मौत हुई है और 12 से ज्यादा घायल हैं। रेस्क्यू के दौरान दूसरे दिन भी एक महिला ट्रॉली से गिर गई। उसकी मौत हो गई। सोमवार को भी एक युवक की हेलिकॉप्टर में चढ़ाने के दौरान गिरने से जान चली गई थी। मंगलवार को तीसरे दिन 7 घंटे के करीब ऑपरेशन चला। एयरफोर्स और आईटीबीपी के जवानों ने हेलिकॉप्टर से 2500 फीट ऊंचाई पर पहुंचकर रोप-वे की तीन ट्रॉलियों में फंसे 15 को निकाल लिया। ऊंचाई और तेज हवा होने की वजह से यह सबसे मुश्किल रेस्क्यू हुआ। रेस्क्यू के दौरान एक जवान के पैर में चोट लग गई। एक दिन पहले सोमवार को सेना, वायुसेना, आईटीबीपी और एनडीआरएफ की टीमों ने 12 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था। इसमें 33 लोगों को तीन हेलिकॉप्टर और रस्सी के सहारे बचाया गया था। रेस्क्यू के दौरान सेफ्टी बेल्ट टूट जाने के कारण एक व्यक्ति की हेलिकॉप्टर से नीचे गिर कर मौत हो गई थी। अंधेरा और कोहरा हो जाने की वजह से ऑपरेशन बंद कर दिया गया था।

## 17 महीने के हाई पर पहुंची महंगाई

### मार्च में रिटेल महंगाई दर 6.95% रही, खाने-पीने का सामान महंगा होने से बिगड़ा बजट

**नई दिल्लीः** आम आदमी को मार्च में महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। खाने-पीने के सामान से लेकर सब्जी, जूते-चप्पल सब महंगे हो गए हैं। मंगलवार को जारी किए गए सरकारी आकंड़ों के मुताबिक कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल महंगाई दर मार्च में बढ़कर 6.95 पर पहुंच गई है। खाने-पीने के सामानों की महंगाई 5.85% से बढ़कर 7.68% हो गई। दूसरी ओर, फरवरी में सीपीआई -3.2% से बढ़कर 1.7% हो गई। यह लगातार तीसरा महीना है जब महंगाई दर 6% की ऊपरी लिमिट




के पार रही है। फरवरी 2022 में रिटेल महंगाई दर 6.07% और जनवरी में 6.01% दर्ज की गई थी। एक साल पहले मार्च 2021 में रिटेल महंगाई दर 5.52% थी। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने इस वित्त वर्ष की अपनी पहली मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के बाद महंगाई के अनुमान को बढ़ाते हुए पहली तिमाही में 6.3%, दूसरी में 5%, तीसरी में 5.4% और चौथी में 5.1% कर दिया था।

**रिटेल महंगाई की दर कैसे तय होती है?**
रिटेल महंगाई मापने के लिए कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मैन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें होती हैं, जिसकी रिटेल महंगाई की दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 299 सामान ऐसे हैं।

## महंगाई की मारः बढ़ती कीमतों के चलते सस्ता तेल उपयोग करने पर मजबूर हुए लोग




**नई दिल्लीः** खाद्य तेल के दाम अब आसमान छूने लगे है। इसका असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर दिखाई देने लगा है। आज खाद्य तेलों के दाम कोविड पूर्व स्तर से भी 50 से 70 फीसदी तक बढ़ गए हैं। सूरजमुखी का जो तेल फरवरी 2019 में 98 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था। अब वह 180 से 250 रुपए प्रति लीटर हो चुका है। इधर, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर भी कह चुके है कि रूस और यूक्रेन के संकट के चलते खाद्य तेल की कीमत अगले कुछ समय तक महंगी बनी रहेगी। लोकल सर्किल के सर्वे के अनुसार, देश में खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों ने कई लोगों को इसकी खपत कम करने व कई अन्य को खाद्य तेल की गुणवत्ता से समझौता करने पर मजबूर कर दिया है। इस सर्वे में 359 जिलों से 360000 प्रतिक्रियाएं ली गई हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 67 फीसदी घरों में खाद्य तेल के लिए अधिक भुगतान किए जाने के कारण उनकी बचत कम होती जा रही है। यह सर्वे ऐसे समय में हुआ है जब खाद्य तेलों के दामों में पिछले 12 महीनों में 50-100 फीसदी और बीते 45 दिनों में 25-40 फीसदी का उछाल आया है। इस सर्वे में 29 फीसदी परिवारों ने कहा है कि उन्होंने खाद्य तेल की गुणवत्ता को घटा दिया है। उनका कहना है कि वह निचले दर्जे का तेल इस्तेमाल कर रहे हैं। 67 फीसदी परिवारों का कहना है कि उन्होंने अपने पसंदीदा खाद्य तेल को नहीं बदला है। इस सर्वे में यह भी अध्ययन किया गया कि भारतीय घरों में किस तरह का खाद्य तेल इस्तेमाल होता है। 25 फीसदी परिवारों ने कहा कि वह सूरजमुखी का तेल इस्तेमाल करते हैं।

## एनसीआर के कई स्कूल कोरोना की चपेट में

**नोएडाः** दिल्ली-एनसीआर में कोरोना के मामले फिर से बढ़ने लगे हैं। गाजियाबाद और नोएडा के स्कूलों में कोरोना ने दस्तक दे दिया है। जिससे कई स्कूल कोरोना की चपेट में आ गए हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एनसीआर के डीपीएस, मिलेनियम और श्रीराम मिलेनियम स्कूल में छात्र और शिक्षक कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिसके बाद से स्कूल को बंद कर दिया गया है। नोएडा सेक्टर-40 स्थित एक निजी स्कूल के 13 विद्यार्थी और तीन शिक्षक कोरोना संक्रमित मिले हैं। शिक्षकों और बच्चों के संक्रमित होने के



बाद 17 अप्रैल तक स्कूल बंद कर दिया गया है।

**स्वास्थ्य विभाग को भेजी जानकारीः** स्कूल की ओर से संक्रमितों विद्यार्थियों व शिक्षकों की लिस्ट और उठाए गए कदमों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई है। स्कूल प्रबंधन ने परिसर सैनिटाइज कराकर अन्य सुरक्षा उपाय अपनाने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन जुआड़ियों को जुआ खेलते हुए पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस ने छापामारी करके एक स्थान पर जुआ खेलते, हुए आधा दर्जन जुआडियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। मऊआइमा थाने के सब इंस्पेक्टर रामभवन वर्मा ने मुखबिर की सूचना पर हमराही पुलिस कर्मियों के साथ ग्राम सुलतानपुर खास स्थित बालगोविन्द डिग्री कालेज के पीछे छापामारी करके जुआ खेलते हुए ग्राम बडौरा निवासी राकेश कुमार , ग्राम छितपालगढ मान्धाता प्रतापगढ़ निवासी हरिलाल, ग्राम मऊदोस्तपुर निवासी किशन लाल, मंगनापुर निवासी सुरेश चन्द्र , ग्राम बकराबाद निवासी राकेश कुमार, ग्राम राजेतारा निवासी सालिक राम पटेल को गिरफ्तार कर उनके पास से बावन ताश के पत्ते और जुआ के फड से 2120 रुपया , जामातलाशी में 1640 रुपया बरामद कर सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज. कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# गंगा की धारा रोकने की होगी जांच डीएम ने गठित की जांच कमेटी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खनन माफिया का हौसला इस कदर बुलंद है की उन्होंने छतनाग से आगे थे छिबैया सुमेरपुर में गंगा की धारा को पाटकर सड़क बना दी है। मिट्टी से बनी इस सड़क से ट्रैक्टर-ट्राली व डंपर से बालू का अवैध खनन हो रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस गोरखधंधे की जानकारी जिलाधिकारी संजय खत्री को हुई तो उन्होंने इस मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी 3 दिन में जिलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**अफसरों की नाक के नीचे हो रहा अवैध खनन**

प्रयागराज में संगम छतनाग होते हुए गंगा वाराणसी की ओर चली जाती हैं। संगम से आगे छतनाग क्षेत्र पड़ता है, जिसके पास छिबैया सुमेरपुर गांव है, जहां गंगा दो धाराओं में बंट जाती हैं। यहां बेखौफ खनन माफिया ने गंगा की एक धारा को पाटकर उसपर सड़क बना डाली है। यहां से रोज कई ट्रैक्टर बालू का अवैध खनन हो रहा है। ताज्जुब की बात तो यह है कि


गंगा की धारा को पाट कर बनाया गया सड़क

प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है।

**रात में हो रहा है अवैध खनन :** सूत्रों के मुताबिक यहां खनन रात में हो रहा है। राम में ही बालू, मिट्टी लदे डंपर, ट्रैक्टर यहां से गुजरते हैं। इस क्षेत्र में 100 बीघा से अधिक क्षेत्र में बालू का अवैध खनन हो रहा है। यहां जेसीबी और फावड़े से खोदाई कर बालू लादी ला रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध खनन का काम रात में होता है।

**गंगा का प्रवाह रोकने से फैल गई है काई**

छिबैया सुमेरपुर घाट पर गंगा की धारा रोककर सड़क बनाने के बाद आसपास काई फैल गई है। काफी बड़े क्षेत्र में सिर्फ काई ही काई दिख रही है। यहां गंगा की दो धाराओं के बीच अवैध खनन हो रहा है। नीबी से लीलापुर तक गंगा दो भागों में बंट रही हैं। दोनों प्रवाह के बीच अवैध खनन हो रहा है। जिलाधिकारी संजय खत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उनका कहना है कि जांच कमेटी का गठन कर दिया गया है और जल्द ही इसकी रिपोर्ट आ जाएगी। कौन अवैध रूप से खनन कर रहा है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## न्यूज झरोखा

### समाज सेवी मोहम्मद गुफरान खान ने जरूरतमन्द बच्चों को वितरण किया चप्पल

#### जरूरत की चीजें पाने के बाद बच्चों के चेहरे पर खुशी



**प्रयागराज।** सोमवार को मुफलसी के कारण नंगे पैर चलने वाले मासूम बच्चों के चेहरे नया चप्पल पाकर खुशी से खिल उठे।मदर टेरेसा फाउंडेशन के नगर महासचिव गुफरान खान व समाजसेवीका निशा मिश्रा ने जरूरतमन्द बच्चों को चप्पल वितरण किया। मलिन बस्तियों में शिक्षा से वंचित बच्चों का शिक्षा सामग्री से लेकर त्योहारों के सामान ये उपलब्ध कराते आरहे जिससे वो भि अच्छी जिन्दगी जि सके।फाउंडेशन के नगर महासचिव व समाजसेवी मोहम्मद गुफरान खान ने बताया कि हमारा दिल तडप उठा बच्चो को इस कदर तपती जमीन पर नंगे पांव देखकर तभी हमने ये फैसला कर लिया कि चप्पल वितरण करेंगे सब के संहयोग से हम आगे भि सेवा में लगे रहेंगे।इस कार्यक्रम मे गुफरान खान,निशा मिश्रा,फरहान अलाम,अवधेश निषाद,विनोद शर्मानआदि शामिल थे।

### जल प्रबंधन एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत चनैनी पंचायत भवन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें यूनोपस के जिला समन्वयक द्वारा प्रधान धीतेश तिवारी महा मंत्री प्रधान संघ करछना समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कि ग्राम पंचायत में पेयजल योजना के अंतर्गत हर घर जल एवं गांव को स्वच्छता अभियान चलाया साफ सुथरा बनाने के लिए प्रेरित किया गया, और सभी सदस्य गांव को स्वच्छता अभियान के तहत संकल्प लिया ।बैठक में समिति के पदाधिकारियों के अलावा रोजगार सेवक एवं सहायक सचिव शामिल रहे हैं ।

### शराब के नशे में पिस्टल लहराते मिले कार सवार गिरफ्तार



**घूरपुर।** कार में सवार पिस्टल लहराते निकल रहे तीन युवकों को घूरपुर पुलिस ने थाने के सामने घेरकर पकड़ा है। पुलिस पकड़े गए युवकों से पूंछ तांछ कर रही है। शहर की ओर से आ रहे एक पुलिस इंस्पेक्टर ने घूरपुर थाने रुककर मंगलवार की शाम बताया कि एक कार में सवार तीन युवक नशे में टल्ली हो लोगों को पिस्टल दिखा रहै है ।इंस्पेक्टर की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घूरपुर आईपीएस चिराग जैन ने घूरपुर थाने के सामने वाहनों की जांच शुरू की पुलिस मोनो ग्राम लगी एक कार को पुलिस ने रोक लिया ।पुलिस ने कार से तीन युवकों को निकाला और थाने ले गई । पुलिस के अनुसार तीनो शराब के नशे में टल्ली है ,उनके पास एक पिस्टल भी मिली है। पूंछतांछ की जा रही है ।

# राजसी वैभव के साथ निकली राम-लक्ष्मण की सवारी

## माता जानकी व पवनपुत्र हनुमान की झांकियों ने किया मंत्रमुग्ध,कस्बावासियों ने जगह जगह किया पुष्प वर्षा उतारी आरती







अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में एकादशी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई। हमेशा की तरह इस वर्ष भी वासंतिक नवरात्र के उपरांत पड़ने वाली एकादशी को विश्व हिंदू परिषद, स्थानीय व्यापारियों व अन्य संगठनों के सहयोग से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, इसमें श्रीराम के साथ जानकी, लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान की भी झांकी शामिल रही। राजा कोठी मैदान से निकली शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर श्रीराम का जयकारा लगाया। श्रीराम की शोभायात्रा को निहारने के लिए कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीणांचल से भी सैकड़ों लोग कस्बे में डटे रहे। नगर पंचायत शंकरगढ़ में स्थित राजा कोठी से विहिप के साथ अन्य हिंदू संगठनों व व्यापारियों ने श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण और हनुमानजी की शोभायात्रा निकाली। राजा कोठी से निकली शोभायात्रा रामभवन चौराहा, सदर बाजार, लाइनपार, पुरानी बाजार होते हुए नगर में घूमी। शोभायात्रा की आगवानी में घोड़े लगाए गए थे, जबकि पीछे डीजे की धुन पर भक्तगण श्रीराम का जयकारा लगाते नजर आए। दूसरे पहर निकली यह यात्रा देर शाम तक कस्बे में घूमती रही। कस्बावासियों ने यात्रा का विधि-विधान से स्वागत करते हुए पूजन-अर्चन भी किया। विधानसभा बारा के विधायक डा. वाचस्पति और नगर पंचायत के चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष केसरी, गोपालदास गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, डा. विनोद त्रिपाठी, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी, अनूप केसरवानी, सभासद सुधा गुप्ता, सुजीत केसरवानी, रतन केसरवानी, रोहित केसरवानी, रामानुज गुप्ता, जय केसरवानी, शिवराम सिंह डॉक्टर राम सिंह,विपिन सिंह, नरेंद्र गुप्ता, दीपक कुमार, मनोज कुमार, सुनीता सिंह, राम जानकी केसरवानी, उमा वर्मा, शालिनी श्रीवास्तव समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महिला स्वास्थ्य कर्मी के मार पीट, मोबाइल तोड़ दिया गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** महिला स्वास्थ्य कर्मी को अनायास मारा पीटा गया और मोबाइल तोड़ दी गई तथा सरकारी कार्य में बाधा डाला गई। स्वास्थ्य कर्मी की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पूरे फौजशाह में तैनात स्वास्थ्य कर्मी करुणा भारती पत्नी कृष्ण प्रसाद का आरोप है कि वह गांव में स्वास्थ्य सम्बन्धित कार्य कर रही थी। तभी गांव के दो लोग आ कर उन्हें अनायास गालियां देते हुए मारने पीटने लगे तथा मोबाइल जमीन पर पटख कर तोड दिए तथा सरकारी कार्य में बाधा डालकर भगा दिए। करूणा भारती ने मऊआइमा थाने में रामजनक लाल पुत्र बृजभूषण ,रोहित पुत्र रामजनक लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# स्कूल चलो अभियान : प्राथमिक विद्यालय खखैचा में बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी




अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** प्राथमिक विद्यालय खखैचा प्रतापपुर द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत ग्राम प्रधान मिठाई लाल भारतीया एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाल कर बच्चों द्वारा - कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार,घर घर विद्या दीप जलाओ अपने बच्चे सभी पढ़ाओ,आधी रोटी खायेंगे स्कूल पढ़ने जायेंगे,आदि नारे लगाते हुए सर्व शिक्षा के लिए जागरुकता का सन्देश दिया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक के.के. सिंह, रामसागर मिश्र, आलोक कुमार पाण्डेय, बसंत लाल सिंह, नीरज सिंह यादव, विभा रानी, शिक्षा मित्र उषा शुक्ला एवं फूलकुमारी द्विवेदी, आचार्य धीरज द्विवेदी, आलोक द्विवेदी, बबलू प्रजापति, नितिन मिश्र आदि ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

### एमएलसी की जीत पर भाजपाइयों में जश्न का माहौल

**सहसों।** उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पूर्व महापौर डॉक्टर के पी श्रीवास्तव की भारी बहुमत से जीत पर भाजपाइयों ने खुशी का इजहार करते हुए जश्न मनाया। छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में मंगलवार को एमएलसी चुनाव का परिणाम आने के बाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाज सेवी शिव नारायण सिंह गप्पू , संदीप द्विवेदी,राघवेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह आदि रहे। इसी तरह सुखदेव सिंह महाविद्यालय कसेरूआ कला में भी भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने डॉक्टर के पी श्रीवास्तव की भारी वोटों से जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए जश्न मनाया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल ने कहा संगठन द्वारा जन जन तक सरकार के विकास कार्यों की पहुंच का परिणाम से ही इतनी बड़ी जीत हासिल हुई है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर अनिल सरोज, पवन शुक्ला, संजय सिंह, अमन सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह पटेल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# लॉटरी सिस्टम एडमिशन के खिलाफ एनएसयूआई ने फूंका बीएचयू कुलपति का पुतला

## मामला बीएचयू के सेट्रल हिन्दू स्कूल का

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** सेंट्रल हिंदू स्कूल में दाखिले के लिए लॉटरी सिस्टम के खिलाफ छात्र और नागरिक समाज लगातार अपना विरोध दर्ज करा रहा है, इसी क्रम में एनएसयूआई से जुड़े छात्रों और कार्यकताओं ने सीएचएस एडमिशन में लॉटरी प्रणाली खत्म कर प्रवेश परीक्षा को पुनः बहाल किए जाने और सन 2015 में शुरू हुए एडमिशन के 'कुलपति कोटा' और पेड कोटा जैसे असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक प्रणाली को भी समाप्त करने की मांग के साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन पर एकजुट होकर बीएचयू के कुलपति का पुतला फूंका।

छात्रों ने पुतला फूंकने के दौरान 'मेधा की हत्या बन्द करो मेधाविंयों का सम्मान करो, बीएचयू वीसी होश में आओ, सुधीर कुमार जैन मुदार्बाद, शिक्षा मंत्री होश में आओ, सीएचएस में एंट्रेंस कराओ, धर्मेंद्र प्रधान चुप्पी तोड़ो इत्यादि नारे लगाए। छात्रों के एनी बेसेंट अमर रहें, महामना अमर रहे जैसे नारो से पूरा छात्र संघ भवन समेत विश्विद्यालय परिसर गूँज उठा। आक्रोशित छात्रों ने बीएचयू कुलपति का पुतला फूंकने के बाद एक सभा के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि


छात्रों ने कुलपति का जलाया पुतला

बीएचयू प्रशासन प्रतिभावान छात्रों के साथ अन्याय कर रहा है, और जिला प्रशासन के लोग उनका साथ दे रहे हैं। छात्रों ने अपनी बातचीत में सेंट्रल हिन्दू स्कूल से सम्बंधित निम्नलिखित मांग भारत सरकार और बीएचयू प्रशासन से रखी...1. सेंट्रल हिन्दू स्कूल की कक्षा 6, 9 एवं 11 की प्रवेश परीक्षाओं को पुनः बहाल कर आयोजित कराया जाय, जिससे कि छात्रों का भविष्य दांव पर न लगे और मेधावी विद्यार्थियों की मेधा को उचित सम्मान मिले।

2. उक्त एडमिशन में 2015 से शुरू किया गया 'कुलपति कोटा' और 'पेड कोटा सीट' जैसे असंवैधानिक व अलोकतांत्रिक प्रणाली को भी समाप्त किया जाय।

3. सेंट्रल स्कूल में सीटों को बढ़ाने के साथ इसके सेंटर बीएचयू के दक्षिणी परिसर दोनो में सभी विद्यार्थियों को छात्रावास की सुविधा दी जाए।

4. पिछले 124 सालों में सेंट्रल हिन्दू स्कूल अच्छी, गुणवत्तापूर्ण सस्ती शिक्षा का एक मॉडल रहा है। आजादी के आंदोलन में इस संस्था ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है इसलिए इसको राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया जाए।

5. सेंट्रल हिन्दू स्कूल स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों की कर्मभूमि रहा है, आजादी का अमृत महोत्सव मना रही सरकार इसे 'स्कूल ऑफ एमिनेन्स' का दर्जा दे और इसके अनुदान में बढोत्तरी करे तभी खेल, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा, तभी सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव मनाए जाने की सार्थकता भी सिद्ध होगी।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि ये लोग विश्वविद्यालय कॉलेज स्कूलों को दारू का ठेका समझ बैठे जो लाटरी सिस्टम से एडमिशन लेना चाहते,शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिए है जिसका हम पुरजोर विरोध करते है। छात्रों ने अल्टीमेटम देते हुए मांग न माने जाने पर बड़े और देशव्यापी आन्दोलन की चेतावनी दी। इस दौरान अक्षय यादव क्रांतिवीर,चंद्रशेखर अधिकारी, हरिकेश हैरी,अजय बागी,अमित द्विवेदी, सत्यम कुशवाहा, दुर्गेश मुरारी, आदर्श भदौरिया, जितेंद्र यादव, अभिषेक शुक्ला, अरबाज खान, सुजीत, काशीराम, वैभव,सुनील यादव इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# राम ही सत्य है राम ही शिव है राम शाश्वत सुंदर है

## 16 कवियों को अंगवस्त्रम व सम्मान पत्र देकर किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** उत्तर भारत की सुपरिचित साहित्यिक संस्था तारिका विचार मंच प्रयाग और यमुनापार प्रयागराज से विगत चार दशक से प्रकाशित हिंदी मासिक पत्रिका साहित्यांजलि प्रभा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बलापुर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम को समर्पित कवि सम्मेलन आचार्य शंभू शरण जी महाराज की अध्यक्षता में राजेंद्र शुक्ल के संचालन में संपन्न हुआ जिसमें 16 कवियों को अंगवस्त्रम एवं आयोजक संस्था द्वारा सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया । सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के शुभ अवसर पर राम कथा मंच पर आयोजित भव्य काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय डॉ राजेंद्र शुक्ल डॉ त्रिलोकी सिंह डॉ रमाशंकर शुक्ला रसराज डॉ


सम्मानित किए गए कवि एवं कलाकार

वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर अजय शंकर पांडेय रामलोचन सांवरिया डॉ अमरनाथ सिंह लखन प्रतापगढ़ी बिपिन बिहारी तिवारी ठाकुर इलाहाबादी बेचन लाल विनोदी सबरेज अहमद वेदानंद वेद और रत्नाकर सिंह तन्हा के काव्य पाठ ने आधी रात तक श्रोताओं को बांधे रखा भारतीय संस्कृति के प्राण भगवान राम को समर्पित यह काव्य संध्या बहुत ऐतिहासिक रही इसमें सभी कवियों ने भगवान राम के संदर्भ में विभिन्न प्रसंगों और विभिन्न छंदों में अपनी सुमधुर रचनाएं प्रस्तुत की कवि सम्मेलन से पूर्व राम कथा मंच का पूरा आयोजन भक्तिमय हो गया था और उसी के संदर्भ में कवियों ने भी राम को आराध्य निरूपित करते हुए एक से बढ़कर एक सुव्यवस्थित रचनाएं प्रस्तुत की पूरे पांडाल में सैकड़ों की संख्या में आधी रात तक उपस्थित श्रोताओं ने कवियों का उत्साहवर्धन किया तारिका विचार मंच प्रयाग एवं साहित्यांजलि प्रभा द्वारा दिए गए सम्मान पत्र से अभिभूत कवियों ने इसे यमुनापार का भव्यतम समारोह बताया और अपेक्षा व्यक्त की कि यह समारोह प्रतिवर्ष दशमी तिथि को आयोजित किया जाए जिसे आयोजकों ने अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान की अंत में रामकथा के यजमान लव कुमार पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर पर प्रदीप सिंह भानु प्रकाश मिश्र मोहनलाल शुक्ला एवं लव कुमार पांडेय के परिजनों का अभूतपूर्व सहयोग रहा ग्राम वासियों ने पूरे आयोजन को अपनी उपस्थिति से भव्यता प्रदान की।

### पति-पत्नी के विवाद में साढ़ू पर मुकदमा

**प्रयागराज।** राजकीय पॉलिटेक्निक कौशांबी में लेक्चरर पद पर कार्यरत युवक और उसकी पत्नी के बीच साढ़ू से रिश्तों को लेकर विवाद बढ़ गया है। युवक ने धूमनगंज थाने में अपने साढ़ू के खिलाफ मारपीट, धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी से साढ़ू का गलत संबंध है। इसी कारण उनका विवाद बढ़ा। वह अपनी पत्नी को 10 हजार महीने गुजारा भत्ता देता है। इसके बाद भी उसका साढ़ू उसे परेशान कर रहा है। 13 मार्च को वह कौशांबी से घर लौट रहा था। रास्ते में बाइक सवार चार-पांच लड़कों ने उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। उसकी अंगूठी छीन ली। धमकाते हुए आरोपी भाग निकले।धूमनगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ग्रामीण विकास में मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत का विशेष योगदान

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए गांव की सरकारों का मूलभूत सुविधाओं हेतु विशेष योगदान होता है। उक्त बातें ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने क्षेत्र के ग्राम सभा उमरीमय टटिहरा में सोमवार को स्वर्गीय राम सनेही पटेल वैद्य जी सम्पर्क मार्ग का उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा गांव के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली एवं आवास तथा अन्य ग्रामीण परिवेश में रहने वाले ग्रामीण लोगों को शहर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण होती हैं। जिससे आमजन को समय से अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होती है। इसके साथ ही किसान अपने उत्पादित फसल को बाजार तक ले जाने, बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए अच्छे विद्यालय में पहुंचने के लिए एवं उपचार हेतु मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने तथा अन्य लोगों को रोजगार के लिए पहुंचने में विशेष सुविधाएं होती हैं। उन्होंने कहा की सभी संपर्क मार्बल का नामकरण गांव के संभ्रांत बुजुर्ग या सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता के नाम पर ही होना चाहिए जिससे गांव में रहने वाले हर व्यक्ति उसे परिंदा लेकर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान इन्द्र पति यादव ने उपस्थित मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल जायसवाल ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , प्रदीप यादव, बृज मोहन पटेल, हरिश्चंद्र पटेल, संतोष जायसवाल, विकास यादव, मोहम्मद रउफ, धर्मराज बिंद, पूर्णमासी लाल प्रजापति सहित आदि रहे।



संपर्क मार्ग का उद्घाटन करतीं प्रमुख सहसों गीता सिंह।

# प्रयागराज संदेश

सिटी एक्टिविटी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज, बुधवार 13. 04. 2022




**खबर संक्षेप**

## संदिग्ध दशा में युवक की हुई मौत

**झूंसी।** क्षेत्र के नई झूंसी वार्ड 15 में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि वार्ड 15 निवासी सुदामा पारिवारिक कलह से परेशान था उसने अपनी हत्या की आशंका जताते हुए कई बार उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की थी। मंगलवार की दोपहर उसका शव कमरे में मिला। हालांकि अभी तक किसी ने कोई आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाया है वहीं पुलिस का कहना है कि सुदामा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

### बैंक मैनेजरों को सभी लंबित आवेदनों का 25 अप्रैल तक निस्तारण करने के निर्देश दिए



बैंक कर्मचारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने एवं ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हेतु प्रोत्साहित कराने के दृष्टिगत मंडलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमें मंडल के सभी जनपदों में वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में वेंडर्स द्वारा दिए गए आवेदनों के निस्तारण हेतु बैंकों द्वारा की जा रही कार्यवाही एवं उसमें आ रही समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बैंक मैनेजरों को सभी लंबित आवेदनों का अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यदि बैंक स्तर पर कोई कोताही की जा रही है तो उसकी जानकारी उनके समक्ष प्रस्तुत करने को भी कहा है ताकि संबंधित बैंक के चेयरमैन को चिट्ठी लिख कर अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होंने सभी बैंकों को 25 अप्रैल तक सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के भी निर्देश दिए हैं। आवेदनों संबंधित समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने 18 अप्रैल से 5 दिन का विशेष अभियान चलाकर सभी आवेदकों को संबंधित ब्रांच में बुलाने एवं उनके आवेदनों को पूर्ण करा कर उनको ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को भी कहा है। इसके दृष्टिगत सभी बैंकों को उनकी विभिन्न ब्रांचों में लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु एक माइक्रो प्लान बनाने के भी निर्देश दिए हैं ताकि सभी आवेदनों का शीघ्र निस्तारण हो सके।वेंडर्स को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हेतु प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत इस विशेष अभियान के अंतर्गत ही उन्हें क्यूआर कोड एक्टिवेट कर उपलब्ध कराया जाएगा एवं ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से कैसे वह कैशबैक पा सकते हैं एवं आर्थिक लाभ उठा सकते हैं इसके बारे में भी जानकारी दी जाएगी। सभी को ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हेतु प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एक वर्कशॉप आयोजित करने एवं बीएमडीएस के माध्यम से एक जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

### पेयजल की सुगमसुलभता ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी

**मेजा रोड।** मेजा विकास खण्ड में अधिकतर ग्राम पंचायतों को पेयजल की आपूर्ति हैण्ड पम्प,या फिर पुस्तैनी कूप से सुनिश्चित होती है। पहाड़ी से सटे क ई ऐसे गांव हैं जहां पर भयंकर गर्मी की वजह से पानी का लेबल काफी नीचे चला गया है जिसकी वजह से ग्रामीणों को पेयजल हेतु काफी मशक्कत करनी पड़ रही है । ग्राम पंचायत ,हड़गड़,,सींकीकला,भ इयां, में क ई हैण्ड पाइप से पानी निकलना बंद हो गया है। संबंधित ग्राम प्रधानों को प्रशासन द्वारा भी निर्देश प्राप्त हुआ है कि खराब पड़े हैण्ड पम्प को दुरुस्त कराते हुए शुद्ध पेयजल सुनिश्चित हो। किन्तु सोचनीय विषय है कि दिन-प्रतिदिन वाटर लेवल खिसकने की वजह से सौ फिट तक बोरकिये गये हैंण्डपम्प रिबोर की स्थिति में हो गये हैं परिणाम स्वरूप कचड़ा युक्त पानी दे रहे हैं। जनसुनवाई फाउंडेशन के विकास खण्ड प्रभारी राजकुमार मिश्र का कहना है कि यदि गांव में स्थित तालाबों को समय रहते अतिक्रमण मुक्त कराकर पानी की ब्यवस्था सुनिश्चित की गई होती तो पेयजल संकट दूर हो जाता। क ई ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर भी थे किन्तु दिखाई नहीं दे रहे हैं, ग्राम पंचायत भ इयां के प्रधान पति दिनेश ने बताया कि टैंकर तो था किन्तु पता नहीं कहां है। जबकि ग्रामीणों को जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा टैंकर खरीदा गया था किन्तु परिस्थिति नदारद दिखाई दे रहा है।

**न्यूज झरोखा**

## एसडीएम मेजा ने सीएचसी मेजा का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश



**मेजा रोड।** एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडेय ने सीएचसी मेजा का निरीक्षण कर मरीजों के इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देशित किया है। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए डॉक्टरों को निर्देशित किया है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति रजिस्टर को भी देखा। एसडीएम ने मंगलवार की दोपहर तीन बजे के करीब मेजा सीएचसी का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम केंद्र परिसर की साफ सफाई, पानी, शौचालय, पंखे आदि की व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद एसडीएम ने अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थित रजिस्टर को चेक किया। एसडीएम ने केंद्र के अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश से गर्मी के कारण बढ़ रही बीमारियों के इलाज की जानकारी मांगी। अधीक्षक ने बताया कि गर्मी के कारण सर्वाधिक बीमारी खांसी, सर्दी, जुकाम, दस्त, उल्टी आदि की बीमारियां निरन्तर बढ़ रही हैं। इसके लिए अस्पताल में मरीजों के समुचित इलाज का बंदोस्त किया गया है। हर बीमारियों की जांच के लिए अलग अलग डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है। साथ ही मरीजों का इलाज भी किया जा सकता है।

### यमुनापार के पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों का हुआ भ्रमण, यमुनापार को जिला घोषित करने की मांग



**नैनी।** प्रयागराज पर्यटन एवं सामाजिक विकास संस्थान के तत्वावधान में नवरात्रि के अवसर पर यमुनापार के पौराणिक आध्यात्मिक एवं धार्मिक स्थलों का अवलोकन किया गया। भ्रमण दल का नेतृत्व संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी समाज शेखर ने किया। संस्थान के महासचिव यमुनापार विकास समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने भ्रमण व सर्वेक्षण के उपरान्त बताया कि यमुनापार के द्वादस माधव मन्दिर, रामसागर तालाब चाका, सुजावन देव धाम घूरपुर, भीटा, अमिलियन धाम, मनकामेश्वर मन्दिर लालापुर, आल्हा ऊदल बैठक चिल्ला, गढ़वा किला आदि स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु पूर्व मे कई बार शासन – प्रशासन को अवगत कराते हुए सम्यक विकास की अपेक्षा की गयी थी, लेकिन अपेक्षित विकास अभी तक नही हो पाया है। सामाजिक कार्यकर्ताओ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पुनः आग्रह करते हुए प्रयागराज के इस पिछड़े क्षेत्र मे पर्यटन विकास की असीम सम्भावनाओं को ध्यान मे रखते हुए यमुनापार को नया जिला घोषित करने की माग की है और क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए वन सम्पदा का संवर्धन आवश्यकता पर बल दिया।

## एससी-एसटी एक्ट में मजिस्ट्रेट को कार्यवाही का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि एससी/ एसटी एक्ट के अपराध की धारा-156 (3) की अर्जी पर मजिस्ट्रेट को कार्यवाही करने का अधिकार नहीं है। धारा-14 (1) के तहत विशेष अदालत को ही कार्यवाही करने का अधिकार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि विशेष अदालत को भी नियम-5 (1) के तहत शिकायत को कंप्लेंट केस मानकर सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। न्यायालय ने ऐसे ही कुछ मामलों जिसमें मजिस्ट्रेट या विशेष अदालत ने इस्तगासा मानकर कार्यवाही की थी, उस कानून के विपरीत करार देते हुए रद कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने सोनभद्र की सोनी देवी सहित विभिन्न जिलों की छह याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है।

### विशेष अदालत भी नहीं कायम कर सकती कंप्लेंट केस

हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता को कहा कि वह संबंधित एसएचओ से शिकायत कर एफआइआर दर्ज कराएं। वह एसपी से भी शिकायत कर सकता है। सीधे विशेष अदालत को आपराधिक केस कायम कर कार्यवाही करने का अधिकार नहीं है। याची का कहना था कि मजिस्ट्रेट को शिकायतकर्ता एससी/ एसटी की अर्जी पर कंप्लेंट केस दर्ज कर समन जारी करने का अधिकार नहीं है। इसलिए केस रद किया जाए।याचियों पर अनुसूचित जाति के लोगों के साथ मारपीट, झगड़ा करने, उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। शिकायतकर्ता की एफआइआर दर्ज नहीं की गई तो उसने मजिस्ट्रेट की अदालत में अर्जी दी। इसे आपराधिक केस कायम कर कार्यवाही की गई। उसकी वैधता को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा विशेष कानून के कारण दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-190 के मजिस्ट्रेट को मिले अधिकार स्वयं समाप्त हो जाएगा। विशेष कानून के उपबंध लागू होंगे।

# प्रयागराज कौशांबी एमएलसी सीट से भाजपा ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

### भाजपा प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव ने सपा उम्मीदवार को 1658 मतों से हराया



केपी श्रीवास्तव का स्वागत करते कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** प्रयागराज और कौशांबी एमएलसी सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर केपी श्रीवास्तव चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने सपा प्रत्याशी वासुदेव यादव को करीब 16 58 मतों से हरा दिया है।एमएलसी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी केपी केपी श्रीवास्तव को 3180, सपा प्रत्याशी बासुदेव यादव को 1522 मत मिले। 252 मत अवैध रहा। निर्दलीय प्रत्याशी कमल कुमार को 21, अभिषेक को 13 तथा धर्मराज को 11 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी 1658 मतों से विजयी हुए। मतगणना कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई। वीडियो ग्राफी भी कराई गई है। कुल 33 बूथ पर 5104 मतों में से 5000 मत पड़े थे, जिनकी गिनती हुई।

**9 अप्रैल को 33 बूथों पर हुआ था मतदान**

प्रयागराज-कौशांबी विधान परिषद सीट पर नौ अप्रैल को मतदान हुआ था। कुल 97.96 फीसदी लोगों ने मतदान किया था। कुल 33 बूथों में पांच बूथों पर मतदान 100 प्रतिशत रहा था। इनमें प्रयागराज के होलागढ़, फूलपुर, कौंधियारा और चाका ब्लॉक शामिल रहे। कौशांबी के चायल में भी 100 प्रतिशत मतदान हुआ था।

**भाजपा के डॉ. केपी श्रीवास्तव व सपा के वासुदेव यादव के बीच थी टक्कर**

इलाहाबाद-कौशांबी सीट से भाजपा ने डॉ. केपी श्रीवास्तव को मैदान में उतारा था तो वहीं पूर्व एमएलसी व पूर्व शिक्षा निदेशक वासुदेव यादव सपा के टिकट पर दांव आजमाया। दोनों के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालांकि अंतिम रुझान में वासुदेव यादव चुनाव हार गए। अगर भाजपा प्रत्याशी डॉ. केपी श्रीवास्तव की बात करें तो वह 1993 से 1998 तक एशिया के सबसे बड़े एजुकेशनल ट्रस्ट केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे हैं। डॉ. केपी श्रीवास्तव को 2000 में इलाहाबाद का महापौर भी चुना गया था। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नई दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य के पद भी कार्यरत हैं।

### राम नाम से बन जाते है बिगड़े काम



**झूंसी।** श्री श्री 1008 श्री रंगरामनुजाचार्य त्रिदंडी स्वमी जी महाराज की कृपा से छिबैया में मंगलवार को पांच दिवसीय रामकथा का आरंभ हुई। राम कथा की अध्यक्षता कर रहे राजेश प्रताप सिंह ने कथा वाचक का माल्यार्पण कर कथा का शुभारंभ किया। संरक्षक शोभामणि त्रिपाठी ने बताया कि धर्मोपदेश ज्ञान सत्संग के तत्वाधान में कथा वाचक बाल व्यास मुरारी शास्त्री, मानस सम्राठ धनंजय द्ववेदी पाच दिनों तक श्रोताओं को कथा का रसपान करायेगे। इस अवसर पर पारस नाथ त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, श्याम त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, सर्वेश त्रिपाठी, अम्बरीष त्रिपाठी, रोहित त्रिपाठी, अभिजीत त्रिपाठी, पं. गंगाप्रसाद त्रिपाठी, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ 6 गिरफ्तार

### पुलिस ने स्प्लेंडर,पैशन प्रो सहित सात बाइक व 1800 की नकदी को किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**




चोरी की बाइक व गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ फूलपुर पुलिस

**फूलपुर।** फूलपुर पुलिस ने मंगलवार को वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 6 क्षेत्रिय बाईक चोरों को वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उनके पास से 1800 की नकदी भी बरामद हुई जिस पर पुलिस ने आवश्यक कानून कार्रवाई करने में जुट गई। प्रयागराज पुलिस अधीक्षक के सक्रिय रवैए एवं सख्त तेवर के चलते पुलिस ने जनपद में अपराधियों की धरपकड़ अभियान में तेजी लाई है। नतीजतन जनपद के विभिन्न थानों में आए दिन गंभीर मामलों के खुलासे हो रहे हैं।

फूलपुर थाना क्षेत्र के परासिनपुर गांव में नहर की पुलिया के पास से मंगलवार को बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 6 बाइकचोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हीरो स्पलेंडर,पैशन प्रो,एच एफ डीलक्स सहित सात बाइक को बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया की चोरों की तलाशी ली जाने पर उनके पास से 1800 की नकदी भी बरामद हुई। पकड़े गए बाइक चोर अंशू यादव, मुकेश कुमार,अमित कुमार,राजू भारतीया, अरूण कुमार पटेल,विजय शंकर फूलपुर थाना क्षेत्र के निवासी है। पुलिस की इस सफलता पर बाइक चोरों से त्रस्त जनता ने फूलपुर पुलिस की सराहना की। थानाध्यक्ष फूलपुर अमित कुमार राय ने बताया की आरोपी वाहनों को चोरी करने के बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर खरीद फरोख्त करते थे। बाइक चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित की जा रही है। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक व एसपी गंगापार के साथ ही उच्च अधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बाइक चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार राय के साथ ही उप निरीक्षक जय सिंह नारायण यादव,नीरज पाण्डेय,मयंकधर द्विवेदी,मजीद खान, कांस्टेबल इंद्रजीत यादव,संदीप यादव,पवन सोनी,शीलेश कुमार, अभिषेक यादव,हेड कांस्टेबल अविनाश चंद्र के साथ ही महिला कांस्टेबल रितिका मौर्या व निधि यादव शामिल रहीं।

## किशोरी की हत्या मे आया नया मोड़,गांव का ही युवक करता था किशोरी को फोन, युवक को हिरासत मे लेकर की जा रही पूंछतांछ

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी की संदिग्धावस्था में हुई मौत के मामले मे पुलिस ने किशोरी के घर से मिली मोबाइल की सीडिआर कांपी हासिल कर जांच पड़ताल शुरू करदी है।पुलिस के अबतक की जांच मे गांव का ही एक युवक किशोरी के पास फोन करता था।किशोरी के कमरे से मिली मोबाइल मे घटना वाली रात 11.36 बजे तीनबार फोन आया था लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया था। सीडिआर रिपोर्ट के मुताबिक बताया जाता है कि तीनों बार एक ही नंबर से फोन आया है। उक्त नंबर को ट्रेस किया गया तो पताचला कि गांव के ही एक युवक का नंबर है। पुलिस उसे उठाकर पूंछतांछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि इसके बयान से किशोरी कि हत्या की गुत्थी सुलझ सकेगी। बतादें कि एक मांह पूर्व 16 वर्षीय किशोरी कि फंदे से लटकती हुई लाश उसके घर से मिली थी। परिजन तथा ग्रामीणों ने बिना पुलिस को इतला दिए घटना को आत्महत्या समझकर शव को लिलापुर घाट पर दफना दिया था। घटना के पांच दिन बाद मृतका की मां ने जिलेके उच्च अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र दिया।जिसमे यह बताया गया कि बेटी की मौत के बाद जब वह कमरे की साफ सफाई कर रही थी तभी एक की पैड मोबाइल मिला जबकि मां ने कहा है कि बेटी के पास कोई मोबाइल नहीं था। वहीं घर से कुछ दूरी पर एक गिलट की चैन तथा दो अंगूठी और नाली के पास आपत्तिजनक वस्तु पाई गई थी जिसपर माँ ने बेटी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने की आशंका जताई थी जिसपर मां ने बेटी के शव को कब्र से खुदवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। अधिकारियों के निर्देशन पर 29 मार्च को एसडीएम फूलपुर सीओ राम सागर स्थानिय पुलस के साथ लीलापुर घाट पहुंचे और परिजनों की मौजूदगी में शव को कब्र से खुदवाकर बाहर निकाला गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां दूसरे दिन पोस्टमार्टम कि रिपोर्ट मे किशोरी की मौत सिर मे चोट लगने से बताई गयी। किशोरी के साथ दुष्कर्म कियागया है या नहीं इसके लिए डाक्टरों ने स्लाइड तैयार करके जांच के लिए विधीविज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ लैब भेज दिया है।वहीं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आते ही परिजनों का शक अब हकीकत मे बदल चुका है। थानाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने बताया कि घटना कि रात जिस नम्बर से फोन आया है वह नम्बर गांव के ही एक युवक का है। युवक को उठाया गया है पूंछतांछ की जारही है। बहोत जल्द खुलासा हो जाएगा। मोबाइल सीडिआर रिपोर्ट के आधार पर पांच और संदिग्ध नंबरों को कालडिटेल के लिए भेजा गया है।

### रामचरितमानस पाठ भारतीय संस्कृत का दर्पण : प्रमोद तिवारी



**प्रतापपुर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी मंगलवार को प्रतापपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय तिवारी के परिवार भदारी मे पत्रकार आशुतोष तिवारी के यहाँ आयोजित अखंड रामायण पाठ के उपरांत प्रीतिभोज में सम्मलित हुए।इस अवसर पर उन्होंने कहा रामचरितमानस मानस सनातन धर्म और भारतीय संस्कृत का दर्पण है भगवान श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम थे आज लोग राम पर सत्ता सुख भोग रहे मगर रामराज्य बस उनके कथनी में है। इस अवसर पर रामकृष्ण पांडेय, मुन्ना पांडेय, मधुसूदन पांडेय, गोकुल नगरी, अंकुर पांडेय, एहतेशाम अहमद, कमलेश पांडेय, राजेश भारतीय, दिनेश मिश्रा, सोनू दुबे, आदर्श प्रजापति, गोपाल पांडेय, आसिफ सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्राचीन सत्ती मां के चौरे को घेर भूमाफिया कर रहे कब्जा

**अखंड भारत संदेश**



देवी चौरा के स्थान को दीवार घेर कब्जा करते माफिया

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के सरंगापुर ,चकपूरे कला गांव के मध्य हाइवे के किनारे स्थित ग्रामदेवी सत्ती मां के चौरे को घेर कुछ भूमाफिया कब्जा करने की नीयत से बाउंड्री वाल का निर्माण कर रहे हैं। मंगलवार के दिन उक्त अवैध निर्माण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कम्प मच गया। हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को रोक दिया ।

घूरपुर थाना क्षेत्र के बगबना गांव निवासी श्यामाकांत शुक्ल व चिंतामणि आदि की चकपूरे कला सरंगापुर में हाइवे के किनारे जमीन उक्त जमीन में से दोनो पक्षो ने अपनी अपनी जमीन बेंच दी थी । बीच मे बची जमीन में ही ग्राम देवी सत्ती मां का चौरा है ।उक्त चौरे पर शादी विवाह व नवरात्र के समय गांव के आस पास के कई गांव के लोग पूजा अर्चना सैकड़ो वर्षो से करते चले आ रहें है । इधर चौरे के आस पास खाली पड़ी बेशकीमती जमीन पर इलाके के कुछ भूमाफियों की नजर पड़ी तो एक पक्ष से बातचीत करके उस जमीन पर बाउंड्री वाल बनाकर कब्जा करने लगे। ग्रामीणों को गुस्सा तब आया जब माफियाओं ने सत्ती मां के चौरे के सामने से भी दीवाल खड़ी करने लगे । मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उक्त स्थल का वीडियो बनाकर शोसल मीडिया पर वायरल किया और सारी जानकारी थाना प्रभारी घूरपुर आईपीएस चिराग जैन को दिया तो तत्काल काम रोका गया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जमीन को कब्जा कराने में थाने में महीनों से जमे एक दारोगा की मिली भगत है ,जो सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा।

## संदिग्ध दशा में लगी आग, फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक राख हो चुकी थी फसल



**शंकरगढ़।** तापमान में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही खेत-खलिहान में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। खेत में आग लगने की दर्जनों घटनाएं हो चुकी हैं। इसी क्रम में खेत में मड़ाई के लिए रखी गई गेहूं की फसल में आग लग गई। संदिग्ध दशा में लगी आग पर जब तक काबू पाया जाता, पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। हालांकि सूचना मिलने पर फायर कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। आग लगने की यह घटना यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के गोरखा गांव की है। जानकारी के मुताबिक गोरखा गांव के सुशील त्रिपाठी ने पांच बीघा गेहूं की फसल को कटवाकर खेत में एक स्थान पर मड़ाई के लिए एकत्र किया था। मंगलवार की शाम को वह मड़ाई करवाने वाले थे। बताया जाता है कि दोपहर एक बजे खेत में रखी गई फसल में संदिग्ध दशा में आग लग गई। दोपहर में लगभग 1:00 बजे अचानक आग लग जाने से खेत के बीच में इकट्ठा कर रखी गेहूं की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई। सुशील ने बताया की यह पूरी फसल पांच बीघे की थी, जिसमें लगभग 25 से 30 कुंटल गेहूं निकलने की संभावना थी। आग की सूचना पर ग्रामीण दौड़ पड़े, फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं, लेकिन आग तभी शांत हुई, जब सबकुछ राख में तब्दील हो गया। लोगों ने बताया कि यदि फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर ना पहुंचती तो आसपास के किसानों का भी भारी नुकसान हो जाता। गेहूं की फसल जल जाने से सुशील के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सुशील ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। आग कैसे लगी यह कोई नहीं बता पाया।

# परिवहन मंत्री ने प्रयागराज से वाराणसी जा रही अनुबंधित बस को किया चेक

### बिना वर्दी के मिले कंडक्टर व ड्राइवर



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को सिविल लाइंस डिपो की दो अनुबंधित बसों का औचक निरीक्षण किया। वाराणसी जा रही दोनों बसों पर वह औराई में बारी बारी से चढ़े और यात्रियों को अपना परिचय बताते हुए सुविधाओं के बारे में पूछा। औचक निरीक्षण के दौरान चालक और परिचालक के वर्दी में न होने पर उन्होंने चेतावनी दी कहा कि मालिक से कह देना वर्दी पहनना जरूरी है, नहीं तो कार्रवाई होगी।

परिवहन मंत्री के इस तरह से बसों की चेकिंग को लेकर रोडवेज के अधिकारियों व अनुबंधित बसों के माध्यमों में खलबली मची हुई है ' मंत्री ने यात्रियों से बसों में मिल रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा बस में साफ-सफाई को भी देखा जो ठीक नहीं दिखा जो ड्राइवर कंडक्टर को वर्दी पहने को तथा साफ सफाई के लिए विशेष ध्यान देते हुए बस को छोड़ दिया । इस तरह की बसों में चेकिंग कर चलती रहेगी तो आने वाले समय में और बेहतर रोडवेज को बनाया जा सकता है इस सराहनीय कार्य के लिए मंत्री जी का लोगों ने धन्यवाद दिया '

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं अमरेंद्र कुमार मिश्र पुत्र श्री स्वर्गीय अशोक कुमार मिश्र निवासी, ग्राम जैतपुर हनुमानगंज तहसील फूलपुर प्रयागराज का निवासी हूं प्रार्थी का नाम कागजी अभिलेखों में त्रुटि वस AMENDRA अंकित हो गया है जो गलत है सही नाम AMRENDRA KUMAR MISHRA है जो मुझे AMRENDRA KUMAR MISHRA के नाम से जाना व पहचाना जाए।

# एमएलसी चुनाव में राजा भइया का जलवा कायम, गोपाल जीते

## भाजपा दूसरे व सपा रही तीसरे नम्बर पर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमएलसी चुनाव में कुण्डा विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया का जलवा एक बार फिर कायम रहा। एमएलसी चुनाव में जनसत्ता लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने भाजपा के हरिप्रताप सिंह को तथा सपा के विजय यादव को करारा झटका देते हुए भारी मतों से हरा दिया।

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार अक्षय प्रताप सिंह गोपाल को 1721 मत मिले, वहीं भाजपा उम्मीदवार हरिप्रताप सिंह को 614 मत तथा सपा उम्मीदवार विजय बहादुर यादव को 380 मत पाकर संतोष करना पड़ा। अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की यह पांचवीं बार एमएलसी पद पर लगातार जीत हुई है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर जनसत्ता दल के कार्यकताओं में भारी उत्साह है। बता दें कि विधान परिषद सदस्य की मतगणना क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, प्रेक्षक कंचन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी की निगरानी में निष्पक्ष, सकुशल, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। मतगणना स्थल पर सभी मतगणना कार्मिक तथा सुरक्षा बल प्रातः 7 बजे से ही पहुँचकर मुस्तैदी के साथ निर्धारित स्थलों पर डटे रहे। मतगणना स्थल के बाहर सीओ सिटी अभय पाण्डेय निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सुरेन्द्र प्रताप सिंह मतगणना स्थल पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। अफीम कोठी में लगभग घंटे भर विलम्ब से शुरू हुई, लेकिन दोपहर बारह बजते ही परिणाम की आहट मिलने लगी थी। जीत की खबर मिलते ही समर्थक राजा भइया के नारे लगाने लगे। जीत का प्रमाण पत्र लेते रहे रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया भी अफीम कोठी पहुंच गये थे, जहां जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जीत का प्रमाण पत्र जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के उम्मीदवार अक्षय प्रताप सिंह को दिया।

प्रमाण पत्र मिलने के बाद कुण्डा विधायक राजा भइया ने इस जीत में कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का फल बताया। जबकि विजयी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने कहा कि यह जीत पार्टी के जुझारु कार्यकताओं की जीत है। गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा ने बताया कि पांचवीं बार लगातार एमएलसी पद जीतने से कार्यकताओं में भारी उत्साह है।



एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल को प्रमाण पत्र देते डीएम डा0 नितिन बंसल।

## गोपाल की जीत पर समर्थकों ने मनाया जश्न

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** एम एल सी चुनाव का परिणाम आते ही जनसत्तादल (लोकतांत्रिक) पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर संजय त्रिपाठी के आलापुर कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों का जमावड़ा जमा हो गया।

पूर्व ब्लाक प्रमुख बीएन सिंह, ब्लाक अध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने एमएलसी गोपाल भैया की 1107 मतों की पांचवी जीत को ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि प्रतापगढ़ में जनसत्तादल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भईया का जलवा विधान सभा चुनाव से लेकर एमएलसी चुनाव में जलवा कायम रहा। पूर्व ब्लाक प्रमुख कालाकांकर बीएन सिंह ने कहा कि मतगना शुरूआत से लेकर आखिरी छठवे चक्र तक गोपाल भईया अपनी बढ़त बनाये रखे हुए थे।

कार्यालय में उपस्थिति सभी कार्यकर्ता व पंचायत प्रतिनिधियो ने एक दूसरे को जीत की बंधाई देते हुए मुँह मीठा किया। इस मौके पर योगेंद्र सिंह पूर्व सदस्य जिला पंचायत कालाकांकर, प्रदीप त्रिपाठी, प्रताप मिश्रा, तीरथ पटेल, संतोष श्रीवास्तव, गुड्डू मिश्रा, राजीव त्रिपाठी, सचिन पांडेय, अमित त्रिपाठी, सुग्गा सरोज, प्रज्ञात तिवारी, डॉ सतपाल वर्मा, अनिल कुमार मौर्य प्रधान परियावां, सुरेश कुमार यादव प्रधान सोनामऊ, राजेन्द्र बहादुर उर्फ तालुकदार सिंह प्रधान छिदौरा शरद लाला प्रधान, विकास सोनकर प्रधान परसई, गुड्डू ओझा प्रधान मिश्रपुर सहित भारी संख्या में लोगो ने जीत का जश्न मनाया।



आलापुर कार्यालय में गोपाल की जीत पर जश्न मनाते पंचायत प्रतिनिधि।

### रोशनलाल बने एलायंस क्लब के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतराष्ट्रीय कमेटी चेयरमैन रोशनलाल उमरवैश्य को क्लब का अंतरराष्ट्रीय डारेक्टर नियुक्त किए जाने पर प्रतापगढ़ के प्रबुद्धजनों ने उन्हें बधाई दी। बता दें कि रोशनलाल उमरवैश्य के व्यापक सेवा कार्यों को देखते हुए क्लब के अंतराष्ट्रीय प्रेसिडेंट मनीष पाल ने उन्हें अंतराष्ट्रीय डारेक्टर नियुक्त किया। बोर्ड की बैठक में उनके कोरोना काल तथा अन्य सामाजिक कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की गई। बधाई देने वालों में साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न, ज्योति खंडेलवाल, राजीव आर्य, संतोष कुमार, देवेंद्र गुप्ता, देवानंद, संजय खंडेलवाल, छेदीलाल, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, आनंद मोहन ओझा, प्रेम कुमार त्रिपाठी, कुंज बिहारी लाल, श्रीनाथ मौर्य, राधेश्याम प्रमुख रहे।



रोशनलाल उमरवैश्य।

## भावुक होकर विदा हुए बच्चे, अभिभावकों की नम हुई आंखें

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे वैष्णव से उत्तीर्ण हो चुके कक्षा 5 के बच्चों की विदाई आज सम्मान पूर्वक किया गया। मान्धाता के व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह,विनय सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ मान्धाता, अखिलेश सिंह, अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक संघ मान्धाता, मंत्री जियालाल, मन्त्री रामानंद मिश्र, मुहम्मद फरहीम राज्य पुरस्कृत शिक्षक, संजय पांडेय, सुभाष आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विदाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिस की खूब सराहना की गई। कार्यक्रम के बीच में एक ऐसा क्षण भी आया जब कक्षा 5 के बच्चों को विदा करते समय सम्मान के साथ स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट करते हुए प्रधानाध्यापक राजेश कुमार गुप्ता एवं सभी शिक्षकों की आंखें नम हो गई। राजेश कुमार गुप्ता ने अपने माता-पिता एवं बड़ी बहन को भी सम्मानित किया। सभी अतिथियों सहित शिक्षक, बी आर सी के स्टाफ तथा ए आर पी को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम पूजन पटेल सहित गांव के प्रमुख लोगों के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मान्धाता के शिक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय अखिल ने किया।




विदाई कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## कोंहडौर क्षेत्र में पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

### घायल बदमाशों को मेडिकल कालेज के अस्पताल में किया गया भर्ती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के कोंहडौर थाना क्षेत्र के भागीपुर गांव में मंगलवार को दिन में पुलिस व बदमाशों के बीच में जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को गोली लगी है जिनमें से एक बदमाश लालू सरोज अमेठी जनपद का जबकि दूसरा मुकेश सरोज कोंहडौर इलाके का रहने वाला है।

मुठभेड़ के दौरान एक शातिर भागने में सफल रहा। पुलिस ने बताया कि दोनों बदमाशों पर दर्जनों लूट के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचा, लूट की बाइक, कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस की गोली से घायल दोनों बदमाशों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल व भारी पुलिस बल मेडिकल कालेज पहुंचा और बदमाशों से पूरी जानकारी ली। पुलिस ने बताया कि मुकेश सरोज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है। पुलिस सभी मामलों की गहराई से छानबीन कर रही है और भागे हुए बदमाश की भी तलाश की जा रही है। पुलिस इन बदमाशों से पूछताछ के बाद इनके द्वारा किये गये कई लूट का खुलासा भी कर सकती है।



घायल बदमाश से अस्पताल में पूछताछ करती पुलिस।

### अज्ञात महिला का शव नदी में मिलने से मचा हड़कंप

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के झिरिया मऊ पुल के पास सई नदी में दोपहर दो बजे के करीब अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला पीले रंग की समीज सलवार पहन रखी है और बाएं हाथ उंगली में सफेद धातू की अंगूठी और सफेद धातू का कंगन, काले रंग की मोती युक्त ब्रेसलेट और कलावा पहनी हुई है। अज्ञात महिला की उम्र लगभग 24 वर्ष बताई जा रही। मौके पर नगर कोतवाली के इंस्पेक्टर रविन्द्र नाथ राय दल बल के साथ पहुंचे और शव का पता लगाने में पुलिस जुटी रहीं। लोगों की मानें तो प्रथम दृष्टया से महिला की हत्या कर शव नदी में फेंका गया है। समाचार भेजे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सप्ताह भर से चल रहा अधिवक्ताओं का धरना समाप्त

**प्रतापगढ़।** सदर तहसीलदार के भ्रष्टाचारी एवं घूसखोरी रवैए से नाराज तहसील सदर के अधिवक्तागण एक सप्ताह से धरने पर चल रहे थे। मामला गंभीर होता देख उप जिलाधिकारी सदर ने संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार सदर को फटकार लगाते हुए कहा कि बार बेंच की मयार्दा बनाए रखते हुए कार्य करिए यदि भविष्य में ऐसी कोई दोबारा शिकायत मिलती है तो कार्यवाही करने में विलंब नहीं करूंगा। अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर हड़ताल को समाप्त करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से कार्य करने का निर्णय लिया। इस मौके पर तहसील बार के अध्यक्ष चंद्रेश पांडेय, महामंत्री दुर्ग विजय सिंह एवं तहसील बार के पदाधिकारी एवं अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई जिससे एक किसान का लगभग 10 बिस्वा गेहूं जलकर खाक हो गया। गेहूं के खेत में आग की लपटों को देखकर ग्रामीण दौड़े किसी तरह आग पर काबू पाया नहीं तो अन्य किसानों के खेतों में आग फैलती तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा के अंतर्गत नचरौला गांव में नन्हे यादव का गांव में ही खेत है।

## निलंबित सीओ की तरह लालगंज के निलंबित एसडीएम पर भी गिर सकती है सीएम की गाज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे तैनाती के दौरान नायब नाजिर सुनील शर्मा की मौत के मामले मे पुलिस को मुख्य आरोपी निलंबित एसडीएम ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह समेत तीन अज्ञात के खिलाफ साक्ष्य संकलन मे लगातार कडी मशक्कत से जूझना पड़ रहा है। निलंबित एसडीएम का केस दर्ज होने के बाद से अभी तक कहीं अतापता नही चल सका है। पुलिस को मामले मे मुख्य आरोपी के भी बयान की आरोप पत्र दाखिल करने से पूर्व लिये जाने की भी आवश्यकता महसूस हो रही है। वहीं तीन अज्ञात के खिलाफ कालोनी मे रहने वाले मातहत अफसरो के अलावा कर्मचारियों की चुप्पी से भी साक्ष्य संकलन जुटाना पुलिस की जांच मे टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। पुलिस को हत्या के मुकदमें मे एक अहम बयान एसडीएम के मातहत तहसीलदार का लिया जाना है।

सरकारी कामकाज की व्यस्तता व मंगलवार को एमएलसी चुनाव की मतगणना के कारण पुलिस तहसीलदार का बयान दर्ज नही कर सकी है। वहीं एफआईआर मे निलम्बित एसडीएम के तीन अज्ञात करीबियों का भी जिक्र होने से स्थानीय स्तर पर कर्मचारी भी खुलकर मुंह खोलने को तैयार नही है। तीन अज्ञात करीबियों का भी जिक्र हो जाने के कारण स्थानीय स्तर पर कर्मचारी संगठनों मे भी अंदर ही अंदर पक्ष व विपक्ष की बन उठी लॉबिंग भी पुलिस के लिए जांच को आगे बढाने मे टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। वहीं सोमवार को नैतिक अधमता के मामले मे जिस तरह से जिले मे ही पटटी मे तैनात सीओ नवीन नायक पर सीएम के द्वारा बर्खास्तगी की गाज गिरी उसे लेकर मंगलवार को तहसील मे आरोप पत्र की स्थिति मे निलंबित एसडीएम की भी मुश्किलें बढ़ने की चर्चा जोर शोर से देखी सुनी गयी। आफीसर्स कालोनी मे एसडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा जिस निर्ममता से मृतक की डंडे से पिटाई की गई और अन्ततः उसकी मौत हो गयी। यह घटना शासन स्तर पर भी बकायदे गूंज रही है। शासन ने कडी कार्रवाई के पहले दौर मे आरोपी एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह को निलंबित करने का बडा कदम उठाया है।

अब यदि मामले मे आरोप पत्र दाखिल हुआ तो शासन स्तर पर निलंबित एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई और तीखी हो सकती है। इसका भी कयास तेजी से लगाया जा रहा है। इधर चूंकि हत्या के केस मे एसडीएम स्तर के आरोपी के खिलाफ सबूत इकटठा करना है इसलिए भी पुलिस जल्दबाजी मे औपचारिकता पूरी करने के मूड मे नहीं है। कर्मचारी संगठनो के द्वारा भी लगातार नाजिर सुनील शर्मा हत्याकांड मे पुख्ता कार्रवाई न होने पर आंदोलन की लगातार चेतावनी से भी पुलिस पर इस मामले मे ठोस कार्रवाई का दबाव बना हुआ है। इधर सूत्रों की मानें तो नाजिर की पिटाई के बाद ट्रामा सेंटर मे हुए उसके इलाज का भी ब्यौरा स्वास्थ्य महकमे से पुलिस को लिया जाना है।

वहीं शीर्ष स्तर पर स्वास्थ्य महकमे के अफसर भी ट्रामा सेंटर मे भी मृतक के इलाज मे किसी भी प्रकार की लापरवाही का अपने स्तर से भी तथ्यों को खंगालने मे जुटे बताये जाते है। ट्रामा सेंटर के पैरामेडिकल स्टॉफ को इस बात की राहत जरूर है कि भर्ती होने की रात ही जिले के सीएमओ ने भी जिला मुख्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के साथ मृतक नाजिर के स्वास्थ्य का परीक्षण किया था। यह बात जरूर है कि जब रात मे ही ट्रामा सेंटर से मृतक सुनील को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया तो अगले दिन दोपहर तक उसे ट्रामा सेंटर मे ही इलाज की प्रक्रिया के बीच रखने को लेकर ट्रामा सेंटर के जिम्मेदार किस तरह का बचाव कर सकेगें। नायब नाजिर सुनील की मौत की गुत्थी सुलझाने मे जहां खाकी रोज फूंक फूंक कर कदम रख रही है वहीं लोगों मे भी इस हत्या के केस की पुलिसिया जांच के निष्कर्ष पर जिज्ञासा शांत होने का नाम नही ले रही है।

### सीएमओ ने पट्टी सीएससी का किया औचक निरीक्षण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की देर शाम प्रतापगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पट्टी सीएचसी का औचक निरीक्षण किया इस दौरान पट्टी के सभी डॉक्टर व कर्मचारी तथा स्टाफ मौजूद रहे। मंगलवार को लगभग तीन बजे प्रतापगढ़ के सीएमओ डॉ अरविंद श्रीवास्तव यूनिट डायरेक्टर रेनू श्रीवास्तव के साथ पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। उनके पहुंचते हैं पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत अधीक्षक डॉ नीरज सिंह को बुलाकर सभी स्थानों का निरीक्षण किया इस दौरान एनबीएसयू तथा केएमसी वार्ड का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। यूनिट डायरेक्टर रेनू श्रीवास्तव ने बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जरूरी एहतियात बरतने की जानकारी दी। डॉक्टर नीरज सिंह के साथ अस्पताल के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा दवाओं आदि का लेखा-जोखा लेकर डॉक्टरों की हाजिरी रजिस्टर को भी देखा। इस दौरान उनके साथ बीपीएम राजशेखर जिला कार्यक्रम प्रबंधक बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करमचंद डॉ राकेश डॉक्टर अखिलेश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ नीरज सिंह सहित अस्पताल के डॉक्टर तथा स्टाफ मौजूद रहे।

## दाउदपुर रामगंज मार्ग खस्ताहाल, राहगीरों को होती है परेशानी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दाउदपुर रामगंज मार्ग खस्ताहाल हो चुका है जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुके सड़क पर लोगों का चलना मुश्किल है यहां के दामन उखड़ चुके हैं और साथ ही साथ छोटी-छोटी गिट्टी है पर चलते हुए फिसलने का डर बना रहता है जिससे लोग परेशान हैं वही इस संबंध में प्रशासन बेखबर है।

पट्टी से ढकवा जाने वाले मार्ग पर दाउदपुर बाजार पड़ता है। यही से एक 4 किलोमीटर की सड़क रामगंज बाजार में जाती है। जिससे नचरौला, मानापुर, रामगंज बाजार, बरचैली, सैलखा सहित एक दर्जन गांव इस सम्पर्क मार्ग से जुड़े हुए है। कई साल पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन देखरेख के आभाव मे सड़क कई जगह टूट गई है। बरसात के मौसम में सड़क में बने हुए गद्डों में पानी भर जाने से लोगो को परेशानी होती है।

कई साल पहले बनी सड़क मरम्मत के आभाव में सड़क खस्ताहाल हुई है। प्रतिदिन यंहा से हजारों लोग यहां से होकर गुजरते है। इस मार्ग पर रामगंज बाजार सुल्तानपुर, जौनपुर और प्रतापगढ़ के मध्य एक मुख्य बाजार है जंहा से होकर व्यापारी व राहगीर गुजरते है।

## खली व्यवसायी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ

### सरसों की खली में जिप्सम मिला कर करता था पेराई अर्जुनपुर समेत कई जगह पशुओं के जीवन के साथ हो रहा है गंदा खेल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को ऑयल्स मिल्स पर छापेमारी के दौरान खली में जिप्सम की पेराई करने वाले व्यापारी को हिरासत में लेकर पुलिस पूँछताँछ कर रही है। पुलिस द्वारा लिए गए नमूने को एसडीएम द्वारा जाँच में भेजा जायेगा।वही अधिकारियों की कार्रवाई को लेकर अन्य खली व्यवसाईयों मे हडकंप मच गया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजारअर्जुन पुर व सारीपुर समेत कई जगह पशुओं के खाद्य पदार्थ में मिलावट का गंदा खेल बड़े पैमाने पर हो रहा है। इन सभी ऑयल्स मिल्स पर व्यवसायी द्वारा अच्छी कमाई करने के लिए सरसो की खली में जिप्सम की पेराई कि जाती है।मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से कई बार की गई।पशुओं के खाद्य पदार्थ में जिप्सम मिलाया जाता है।जिस पर पुलिस व एसओजी टीम ने सोमवार को देरं शायं संयुक्त रूप से रानीगंज बाजार स्थित ऑयल्स मिल्स पर छापेमरी की।इस दौरान संचालक आशीष केसवानी व उसके छोटे भाई को पुलिस ने पकड़ कर थाने ले गई। साथ ही मिलावटी खली का नमूना भी लिया।

देर रात बड़े भाई को पुलिस ने छोड़ दिया वही छोटे भाई को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताँछ कर रही है। खली के नमूने को भी एसडीएम द्वारा जाँच को भेजा जायेगा। वहीं पुलिस व एसओजी की छापेमारी से अर्जुनपुर, सारीपुर व बाजार स्थित अन्य खली मिलावटी करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। चचाओं के मुताबिक क्षेत्र के कई ऑयल्स मिल्सो पर कई वर्षों से सरसों की खली में जिप्सम की पेराई करके मोटी कमाई करते है। मिलावटी खली की आपूर्ति करके पशुओं की जान के साथ खेलवाड़ करने वाले कई ऑयल्स मिल्स संचालकों के विरूद्ध क्षेत्रीय लोगों ने कई बार शिकायत की थी।

### गोदाम को पुलिस ने नहीं किया था सील

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस ने छापेमारी कर संचालक को हिरासत में लेने के साथ खली का नमूना भी लिया। यही नहीं, वीडियो भी बनाया लेकिन मिल्स व गोदाम सील न करने से जिप्सम व तैयार खली को अन्य जगह रखवा दिया गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### तीन वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा तीन वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुनील उर्फ गुड्डू पुत्र महेन्द्र पासी निवासी एयरफोर्स गेट कस्बा व थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र राकेश निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त अच्छे पुत्र नवीउल्ला निवासी कुरई थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा चार वारण्टी अभियुक्त ननका उर्फ रामकरन पुत्र शिवलाल लल्लू उर्फ योध्या पुत्र गरीबदास व चदा उर्फ रामचन्द्र पुत्र राम लोटन निवासीगण सोनौली व विरेन्द्र सिंह पुत्र बच्ची लाल सिंह निवासी भगवतपुर थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार करअभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# महिला के शव दफनाने को लेकर घंटों होती रही पंचायत

**सीमावर्ती गांव की सरकारी जमीन पर शव को दफन करने को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नागरेहा कला गांव की एक विवाहिता की बीमारी के चलते मौत हो गई विवाहिता का मायका इसी थाना क्षेत्र के मिरदाहन के पुरवा गांव में है विवाहिता के शव को दफन करने के लिए मिरदाहन का पुरवा गांव लोग लेकर पहुंचे और शव को दफन करने की तैयारी करने लगे जिस जमीन पर शव को दफन करने की तैयारी की जा रही थी वह जमीन मिरदाहन के पुरवा गांव के सीमावर्ती गांव रकसौली की सरकारी भूमि थी जिस पर रकसौली के लोगों ने दूसरे गांव में शव दफन करने का विरोध शुरू किया मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस ग्राम प्रधान नायब तहसीलदार लेखपाल सहित ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई काफी देर तक शव दफनाने को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा



शव दफनाने के विवाद का निस्तारण करते राजस्व और पुलिस अधिकारी

नायब तहसीलदार परिजनों को समझा-बुझाकर वापस लौट आई उनके वापस लौटने के बाद रकसौली ग्राम सभा की जमीन पर परिजनों ने शव को दफन कर दिया है।

### रातों-रात गुपचुप तरीके से समिति की दुकानों की हो गई नीलामी

**कौशांबी।** पश्चिम सरीरा कस्बे में थाने के सामने सहकारी समिति में दुकानें बनाई गई और नियमों के अनुसार इस दुकानों को नीलामी कर किरायेदारों को दिया जाना था लेकिन रातों-रात दुकान की नीलामी कर चहेतों को दुकान पर कब्जा दे दिया गया है चचाओं पर जाएं तो समिति के जिम्मेदारों ने दुकान लेने वालों से लाखों रुपए की अवैध वसूली की है जिससे सार्वजनिक तरीके से दुकानों की नीलामी नहीं कराई गई है लोगों का कहना है कि दुकानों की नीलामी सार्वजनिक तरीके से कराई गई होती तो 10 लाख रुपए से अधिक का लाभ समिति को होता दुकान नीलामी में हेरा फेरी का निजी लाभ लेने वालों के कारनामों पर सहायक निबंधक समितियां ने भी अभी तक संज्ञान नहीं लिया है क्षेत्र के लोगों ने सहायक निबंधक समितियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पश्चिम सरीरा की सहकारी समिति के दुकान नीलामी के मामले में किए गए पक्षपातपूर्ण रवैया और समिति के नुकसान के मामले को संज्ञान लेने की अपील करते हुए दोषी सचिव अध्यक्ष पर कार्यवाही की मांग की है इस संबंध में सहकारी समिति के सहायक निबंधक से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो सकी है।

# भाजपा से केपी श्रीवास्तव जीते एमएलसी चुनाव

**सपा उम्मीदवार वासुदेव यादव को भाजपा प्रत्याशी ने भारी मतो से हराया**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रयागराज और कौशांबी एमएलसी सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर केपी श्रीवास्तव चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने सपा प्रत्याशी वासुदेव यादव को करीब 16 00 मतों से हरा दिया है।मतगणना कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई। वीडियो ग्राफी भी कराई गई है। कुल 33 बूथ पर 5102 मतों में से 5000 मत पड़े थे, जिनकी गिनती हुई।प्रयागराज-कौशांबी विधान परिषद सीट पर नौ अप्रैल को मतदान हुआ था। कुल 97.96 फीसदी लोगों ने मतदान किया था। कुल 33 बूथों में पांच बूथों पर मतदान 100 प्रतिशत रहा था। इनमें प्रयागराज के होलागढ़, फूलपुर, कौंधियारा और चाका ब्लॉक शामिल रहे। कौशांबी के चायल में भी 100 प्रतिशत मतदान हुआ था। एमएलसी चुनाव में भाजपा के डॉ. केपी श्रीवास्तव व सपा के वासुदेव यादव के बीच थी कड़ी टक्कर थी इलाहाबाद-कौशांबी सीट से भाजपा ने डॉ. केपी श्रीवास्तव को मैदान में उतारा है तो वहीं पूर्व एमएलसी व पूर्व शिक्षा निदेशक वासुदेव यादव सपा के टिकट पर दांव आजमा रहे हैं। दोनों के बीच कड़ी टक्कर थी अगर भाजपा प्रत्याशी डॉ. केपी श्रीवास्तव की बात करें तो वह 1993 से 1998 तक एशिया के सबसे बड़े एजुकेशनल ट्रस्ट केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष रहे हैं। डॉ. केपी श्रीवास्तव को 2000 में इलाहाबाद का माहापौर भी चुना गया था। वर्तमान में वे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नई दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य के पद भी वह कार्यरत हैं केपी श्रीवास्तव के भाजपा से एमएलसी चुनाव जीत जाने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और पूर्व विधायक संजय गुप्ता समेत तमाम भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# एसडीएम खनन अधिकारी ने अवैध बालू लदे वाहनों पर किया कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर एसडीएम प्रखर उत्तम के नेतृत्व में खनन अधिकारी और टीम ने ओवरलोड बालू गिट्टी लदे 11 वाहनों को पकड़ कर मंझनपुर पुलिस को सौप दिया है ताबड़तोड़ कार्यवाही से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है मंझनपुर के ओसा और समदा रोड के बीच जांच के दौरान ओवरलोड लगे बालू और गिट्टी के वाहनों को पकड़ लिया गया है उप जिला अधिकारी ने बताया कि अवैध वाहनों पर लगातार जांच अभियान जारी रहेगा पकड़े गये सभी ओवरलोड वाहन चित्रकूट जनपद के बताए जा रहे हैं अवैध वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई जांच में एसडीएम के नेतृत्व में खनन



ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते अधिकारी

अधिकारी व एआरटीओ ने सयुक्त रूप से ओवरलोड वाहनों को पकड़ा है एसडीएम प्रखर उत्तम ने बताया कि ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ का अभियान अभी जारी रहेगा एसडीएम प्रखर उत्तम ने कोतवाल मंझनपुर को पकड़े गए वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है।

### अबला नहीं है नारी अधिकारों के लिए जारी रहेगा संघर्ष : अंजना

**कौशाम्बी।** महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कहा कि नारी अबला नहीं है नारी की अस्मिता और सुरक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा और इसी संघर्ष की कड़ी में 13 अप्रैल को जिला पंचायत सभागार में महिला उत्थान और जागृति संस्थान के तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जहां जिले के ग्रामीण नगर क्षेत्र की तमाम महिलाएं उपस्थित होगी कार्यक्रम में महिला उत्थान में एवं जागृति संस्थान कौशांबी के पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता कन्या भ्रूण हत्या बालिका संरक्षण महिला उत्पीड़न ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार एवं बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष कार्यक्रम 13 अप्रैल को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक जिला पंचायत अध्यक्ष कलपना सोनकर जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य सम्मानित महिला एवं पुरुष के इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने की उम्मीद है उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अपनी समस्या भी महिलाएं दर्ज करा सकती है महिलाओ की समस्या भी नोट की जाएगी।

# वाहन चेकिंग के लिए सड़क पर खुद निकल पड़े कोतवाल



वाहनों की चेकिंग करते मंझनपुर कोतवाल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और गलत वाहनों के धरपकड़ के लिए मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह खुद सड़क पर निकल पड़े और उन्होंने सड़क पर निकालने वाले वाहनों को हाथ देकर रोका और वाहनों के अभिलेखों को जांच पड़ताल कर सही वाहन चालकों को जाने दिया और जिन वाहन चालकों के पास वैध कागजात नहीं मिले हैं उनके वाहनों पर मंझनपुर कोतवाल ने कार्यवाही की है सोमवार की शाम लगभग 6:00 बजे मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह मंझनपुर चौराहा के ओसा रोड पर वाहन चेकिंग करते देखे गए हैं वाहन चेकिंग के दौरान संतुलन बनाकर नियंत्रित गति में वाहन चलाने का उन्होंने वाहन चालकों को निर्देश दिया है उन्होंने कहा कि संतुलन बनाकर नियंत्रित गति से वाहन चलाने से वाहन चालक खुद भी सुरक्षित हैं और सड़क पर निकलने वाले अन्य नागरिक भी सुरक्षित रहेंगे इसलिए संतुलन बनाकर वाहन चलाएं और नियमों का पालन करें।



पैदल गस्त करते मंझनपुर कोतवाल

# पुलिस फोर्स के साथ पैदल भ्रमण पर निकले मंझनपुर कोतवाल

**कौशांबी।** मंझनपुर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग के बाद मंझनपुर कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र के कई मोहल्लों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने नगर के व्यापारियों और आम जनता से कहा कि वह बेखौफ होकर अपने व्यापार को करें और संदिग्ध लोगों के दिखाई पड़ने पर तत्काल पुलिस के नंबर पर सूचना दें उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों को नगर क्षेत्र में घूमने की छूट नहीं होगी उन्होंने भ्रमण के दौरान संदिग्ध लोगों को रोक कर जांच पड़ताल किया जिससे लोगों के बीच पुलिस की सख्ती दिखाई पड़ी है।

# गायब बालक को खोजने के नाम पर उसका मित्र परिजनों से मांग रहा 50 हजार

अखंड भारत संदेश

**एसपी कार्यालय पहुंचकर महिला ने की फरियाद**

**कौशांबी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली सीमा देवी सोनकर पुत्री हरिलाल सोनकर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका भाई दशरथ लाल और पड़ोस की एक बॉलिंग बालिका दोनों आपसी प्रेम में घर से बाहर चले गए हैं परिजनों को उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है फिर भी दोनों को खोजने का बराबर प्रयास किया जा रहा है लेकिन दोनों के बारे में कोई नहीं जानकारी हो सकी है शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए महिला सीमा देवी सोनकर ने बताया कि मेरा भाई दशरथ लाल का एक मित्र सोनकर बिरादरी का है और भाई के सोनकर बिरादरी के मित्र का कहना है कि उसे 50 हजार रुपए की व्यवस्था कर दी जाए तो वह मेरे भाई दशरथ लाल और गायब बालिका को खोजकर 24 घंटे में उपलब्ध करा देगा मामले को लेकर आए दिन पुलिस मेरे भाई को खोजने घर पर आती है महिला का कहना है कि मेरे पिता के दोनों आंखों से दिखाई कम पड़ता है और मेरी माता भी विकलांग हैं घर पर मेरे अलावा कोई अन्य नहीं है मेरे गायब हुए भाई को खोजने के चक्कर में पुलिस द्वारा बार-बार मुझे प्रताड़ित किया जाता है पुलिस अधीक्षक से निवेदन करते हुए महिला ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जब मेरा भाई दशरथ मेरे संपर्क में आएगा तो मैं पुलिस को सूचना दे दूंगी लेकिन बीते 3 माह से वह मेरे संपर्क में नहीं है महिला ने अनुरोध के साथ पुलिस अधीक्षक से कहा कि बेवजह पुलिस जांच पड़ताल के नाम पर मुझे परेशान ना करें।

### शादी के 15 साल बाद विवाहिता से दहेज की मांग को लेकर मारपीट

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के गौसपुर टिकरी गांव की दलित सविता पुत्री दिनेश ने शादी के 15 वर्ष बाद पति पर दहेज की मांग करने का और दहेज न मिलने पर मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र दिया है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर टिकरी गांव की रहने वाली सविता देवी पुत्री दिनेश कुमार पासी की शादी लगभग 15 वर्ष पूर्व में हरि लाल पासी पुत्र शारदा पासी के साथ हुई थी गौसपुर टिकरी गांव में हुई थी विवाहिता का कहना है कि शादी के बाद से ही दहेज की डिमांड को लेकर पति आए दिन मारपीट करता है विवाहिता ने अपने मायके वालों से दहेज की बात बताई तो मायके वालों ने किसी तरह से विवाहिता को किसी तरह से समझ बुझा कर ससुराल भेज देते थे दहेज के भूखे ससुराली जनों ने 10 अप्रैल को फिर विवाहित की जमकर पिटाई कर दिया है विवाहित ने पुलिस अधीक्षक से दहेज लोभियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# पुलिस टीम के साथ एएसपी ने किया कस्बे में पैदल गस्त



पुलिस टीम के साथ पैदल गस्त करते अपर पुलिस अधीक्षक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और अपराध मुक्त समाज बनाने के उद्देश्य अपर पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक यातायात हमराही पुलिस बल के साथ ओसा चौराहा से बाजार कस्बा में पैदल गस्त कर सुरक्षा का एहसास कराया है पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध लोगों की अपर पुलिस अधीक्षक ने जांच पड़ताल की और लोगों को हिदायत दिया कि बेवजह सड़कों पर घूमना लोग बंद कर दें पैदल गश्त के दौरान उन्होंने कहा कि वाहन चालक वाहनों को नियंत्रण में चलाएं जिससे दुर्घटना को रोका जा सके इस दौरान उन्होंने थाना पुलिस और यातायात पुलिस को निर्देशित किया है कि तेजगति के वाहनों पर कठोर कार्यवाही की जाए और वाहनों के अभिलेखों की जांच पड़ताल की जाए पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और अपने सभी अभिलेख साथ में लेकर चले जांच के दौरान मांगने पर पुलिस वालों को वाहनों के अभिलेख दिखाएं।

# 12:30 बजे तक पठन पाठन और 1:30 बजे तक शिक्षक स्कूल में रहेंगे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**शिक्षा सचिव के निर्देश पर फिर सरकारी स्कूल के समय में हुआ परिवर्तन**

**कौशांबी।** भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम के निर्देश पर 08 अप्रैल को बीएसए ने पत्र जारी कर सूचित किया था कि समस्त परिषदीय विद्यालय सहायता प्राप्त विद्यालय मान्यता प्राप्त विद्यालय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं अन्य बोर्ड से कक्षा एक से कक्षा 8 तक के विद्यालय के संचालन के समय में परिवर्तन कर सुबह 7:30 बजे से 12:30 बजे तक विद्यालय का संचालन किया जाएगा उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय परिवर्तन का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें

लेकिन डीएम के आदेश के विपरीत 11 अप्रैल को पत्र जारी कर सचिव बेसिक शिक्षा का हवाला देकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पत्र जारी कर अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि स्कूल में पठन-पाठन का कार्य सुबह 7:30 बजे से 12:30 बजे तक चलेंगे इसी बीच प्रार्थना और मध्यान भोजन होगा लेकिन स्कूल के शिक्षक सुबह 7:30 से 1:30 बजे दिन तक विद्यालय में मौजूद रहेंगे उन्होंने कहा कि नियमों का कड़ाई से पालन हो अब सवाल उठता है कि भीषण गर्मी के मौसम में विद्यालय बंद होने के बाद 1 घंटे तक सरकारी विद्यालयों के सन्नाटे में महिला पुरुष शिक्षकों की मौजूदगी का विद्यालय परिसर में मौजूदगी का क्या औचित्य है सुरक्षा पर भी सवाल उठे हैं शिक्षा विभाग द्वारा समय परिवर्तन कर दिए जाने के बाद नए आदेश को लेकर शिक्षकों में स्पष्ट तौर से आक्रोश दिखाई पड़ रहा है और शिक्षकों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि 12:30 बजे पठन-पाठन बंद होने के बाद शिक्षकों को भी भीषण गर्मी में स्कूल छोड़ने की इजाजत 12:30 बजे दिन में दी जाए।

# छात्रों के शोध के लिए मृत्यु उपरांत शरीर दान कर गए चंद्रिका प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले चंद्रिका प्रसाद अपने पीछे छोड़ गए भरा पूरा परिवार**



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के ग्राम बरमतपुर अहीरारा थाना कोखराज के रहने वाले परम श्रद्धेय चंद्रिका प्रसाद लगभग 50 वर्षो से प्रयागराज में अपने परिवार के साथ रह रहे थे लगभग 80 वर्ष की उम्र में सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली है छात्रों के शोध के लिए मौत के पहले उन्होंने अपनी शरीर को दान देने का निर्णय लिया था हमेशा सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले चंद्रिका प्रसाद सीडीए पेंशन में लेखा अधिकारी के पद पर रहते हुए चौधरी चरण सिंह जूनियर विद्यालय मलाक रेजमा कौशांबी के चेयरमैन पद पर रहे,इलाहाबाद मुंडेरा में रामचंद्र मिशन के स्थापना में महत्व पूर्ण भूमिका निभाते हुए वह संथापक रहे, एसपी कॉन्वेंट,इंटर कॉलेज एवं एसपीसी आई सी सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध कॉलेज के वह संथापाक रहे सर्विस से रिटायर होने के बाद समाज सेवा करते हुए अशोक सम्राट सेना का गठन करके राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन रह कर कई राज्यों में घूम घूम कर प्रचार प्रसार करके एक अलग से अलख जगाने में चंद्रिका प्रसाद ने पहचान बनाई। 21 सितंबर1941 को जन्मे चंद्रिका प्रसाद 11 अप्रैल 2022 को इस संसार को अलविदा करते हुए अपने पीछे पत्नी कलावती,पुत्र अशोक कुमार मौर्य, बहू रीता सिंह मौर्य, दो पुत्रियां सरला मौर्य,मनोरमा मौर्य,पौत्र अभिषेक मौर्य इंजीनियर,डॉक्टर गौरव मौर्य एमबीबीएस एवं सबसे छोटे पौत्र वैभव मौर्य भी मेडिकल की तैयारी करते हुए अपने जीवन में भरा पूरा परिवार छोड़ कर संसार को अलविदा कह कर चले गए हैं चंद्रिका प्रसाद ने अपने जीवन काल में बहुत पहले ही अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को शोध हेतु दान में देने हेतु परिवार को बता दिया था बहुत ही सरल स्वभाव व लोगो को ईमानदारी से रह कर बौद्ध जी के बताए हुए रास्ते पर चलने को वह हमेशा बताते रहे। आज ऐसे महानुभाव हम सब के बीच में नहीं रहे।

### पत्रकार की मां दिवंगत होने पर पत्रकारों ने की शोक सभा

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीर गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार रमेश सिंह की मां उर्मिला कुँअर उम्र 92 ने 11 अप्रैल दिन सोमवार शाम 5:00 बजे अपने निज निवास अंतिम सांस ली मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार गंगा नदी के संदीपन घाट पर किया गया इस दौरान पत्रकारों ने एक शोक सभा आयोजित की इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुनील शुक्ला दीपेंद्र सिंह उर्फ दीपू राजू पांडेय मनोज सिंह दीपू श्रीवास्तव सौरभ मिश्रा विजय यादव मोनू दुबे अजील श्रीवास्तव आदि पत्रकार शोक सभा में मौजूद रहे।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शाति भंग करने के के आरोप में थाना मझनपुर से 06 थाना सराय अकिल से 01 थाना पिपरी से 01 थाना कड़ाधाम से 03 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01 कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# पश्चिम शरीरा कस्बे की सरकारी और तालाबी जमीन कब होगी अतिक्रमण मुक्त!

अखंड भारत संदेश

**गरीबों की झुग्गी झोपड़ी में बुलडोजर चलाने वाले तहसील और नगर पंचायत के अधिकारियों को धन पशुओं के अवैध कब्जे खाली कराने में सूख जाता है सांप**

**कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को हटाने और सरकारी जमीन पर नए कब्जे ना होने पाए इसको लेकर तहसील प्रशासन और नगर पंचायत के अधिकारी कितना गंभीर है इसका जीता जागता उदाहरण देखना है तो आपको नगर पंचायत पश्चिम शरीरा क्षेत्र चलना होगा पश्चिम शरीरा की 90% सरकारी भूमि और तालाब की भूमि पर लोगों का कब्जा हो चुका है सरकारी भूमि पर सैकड़ों भवन अवैध तरीके से बने हुए हैं लेकिन जिम्मेदार अवैध कब्जे के भवन को खाली कराए जाने के बजाय अधीनस्थों की वसूली तक सीमित रह गए हैं बार-बार कब्जे दार को हटाने के नाम पर धमकी देकर केवल वसूली का खेल बीते दो दशक से चल रहा है तमाम नेताओं ने भी सरकारी जमीन पर कब्जा किया है निर्धन लोगों की बात छोड़िए तमाम धनवान लोगों ने भी बेशकीमती सरकारी जमीन पर कब्जा किया है पश्चिम शरीरा थाने चौराहे के पास कीमती सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है पूरब शरीरा चौराहे के पास सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है नहर के पास भी सरकारी जमीन पर कब्जा हो चुका है पश्चिम शरीरा क्षेत्र के तमाम सरकारी तालाब में भी कब्जा हो चुके हैं हिंचलाल तिवारी की रिट याचिका का निस्तारण करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तालाब से अवैध कब्जे हटाए जाएं अतिक्रमण हटाओ अभियान समिति की बैठक में प्रत्येक महीने शासन को अतिक्रमण मुक्त रिपोर्ट भेज दी जाती है जबकि हकीकत में सरकारी भूमि तालाब कबजा ग्रस्त हैं और अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल झुग्गी झोपड़ी और गरीब कमजोर के रहने के खंडहर नुमा घर को गिरा कर जिम्मेदारों द्वारा वाहवाही लूटी जाती है अमीरों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर नहीं चल सके हैं जबकि गरीबों की जमीन पर बनी झुग्गी झोपड़ी पर आए दिन बुलडोजर चलते हैं। पश्चिम सरीरा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को जब मंझनपुर नगरपालिका का चार्ज मिला था तो इन्होंने पसियाना मोहल्ला सहित विभिन्न मोहल्लों में गरीबों की बस्ती में बुलडोजर चलाकर वाहवाही लूटी थी जबकि इनके कार्यकाल में मंझनपुर क्षेत्र में अमीर लोगों के भी अवैध कब्जे नहीं हटाए गए थे पश्चिम शरीरा क्षेत्र में भी सरकारी भूमि के अवैध कब्जे को हटाने में नगर पंचायत से लेकर तहसील प्रशासन तक पूरी तरह से फेल हो चुका है आखिर कब तक सरकारी भूमि तालाब में अवैध कब्जे के मामले में राजस्व लेखपाल अधिकारियों को झूठी सूचना देकर धना दोहन करते रहेंगे यह व्यवस्था पर सवाल है और पश्चिम शरीरा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में डीएम कमिश्नर ने मामले को संज्ञान लिया तो लेखपाल का निलंबन होना कम पड़ जाएगा अवैध कब्जे में लेखपाल की संलिप्तता के चलते उसकी गिरफ्तारी उन पर मुकदमा दर्ज कराया जाना और जांच के बाद संलिप्तता प्रमाणित होने पर बर्खास्त किए जाने की भी कार्रवाई हो सकती है।

संपादकीय

# सावधान: कोरोना का नया वेरिएंट, संकट टला नहीं

**कोरोना** की तीसरी लहर बीत चुकी है। देश में पिछले लगभग दो महीनों से सक्रिय मामलों की संख्या भी दिन-ब-दिन कम रिकार्ड हो रही है। देश के कई राज्यों में कोविड प्रोटोकॉल में छूट भी दी गई है। मास्क ना लगाने पर लगने वाले जुमार्ने को हटा दिया गया है। लेकिन नागरिकों ने सरकार प्रदत्त छूट से बढ़कर आजादी ओढ़ ली है। सार्वजनिक जीवन में स्वच्छंद व्यवहार चिंता की बड़ी वजह बनता दिख रहा है। असल में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओमीक्रॉन वेरिएंट के एक नये स्वरूप एक्स-ई को लेकर चिंता जतायी है जो पिछले स्ट्रेन की तुलना में ज्यादा संक्रामक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से ये जानकारी ऐसे समय में दी गई है, जब चीन और यूरोप के कई देशों में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं। चीन में तो कई प्रमुख शहरों में लॉकडाउन लगा दिया गया है। उधर ब्रिटेन और फ्रांस में बढ़ते मामले चिंता का सबब बन रहे हैं। भारत में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। कोरोना का नया वैरिएंट अभी ब्रिटेन में मिला है और एक्सई स्ट्रेन ने लगभग 637 लोगों को संक्रमित किया है। यह वायरस काफी तेजी से फैल रहा है, इसलिए भविष्य में सावधानी नहीं बरती गई तो यह वैरिएंट दुनिया भर में फैल सकता है। नए वैरिएंट के केस मुंबई में मिलने की बात भी सामने आयी है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसका खंडन करते हुए कहा कि मौजूदा सबूत कोरोना के नए वैरिएंट के पाए जाने की पुष्टि नहीं करते। अभी इस बारे में और जांच किए जाने की जरूरत है। बात बीते साल की कि जाए तो भारत में ओमीक्रॉन ने तीसरी लहर के रूप में दस्तक दी थी जिसकी संक्रमण दर डेल्टा वेरिएंट की तुलना में बेहद अधिक थी, हालांकि इसके चलते मृत्यु दर में कमी रही। डेल्टा वेरिएंट के घातक प्रहार से हजारों लोग असमय काल के गाल में समा गये। विशेषज्ञों के अनुसार तीव्र संक्रामकता के चलते नया वेरिएंट एक्स-ई ज्यादा चुनौती पैदा कर सकता है। विश्व कई स्वास्थ्य संगठन और ग्रुप नये वेरिएंट को लेकर बार-बार चेतावनी जारी कर रहे हैं। वास्तव में नये वेरिएंट की वजह से स्वास्थ्य आपातकाल जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में जांच व निगरानी में किसी भी तरह की शिथिलता भविष्य में संकट की स्थिति पैदा कर सकती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि कोरोना हमारी जिंदगी से निकलने का नाम नहीं ले रहा है। रूप बदल-बदलकर यह हमारे सामने आ जाता है। 2019 में कोरोना की महामारी की शुरूआत हुई थी। तब से यह सिरदर्द बना हुआ है। पिछले तीन साल में इस वायरस के कई वेरिएंट सामने आए हैं। इन्होंने साइंसदानों की नाक में दम कर दिया है। इस वायरस के कारण दुनिया में लाखों लोगों ने जान गंवाई है। इसके हल्के और घातक दोनों स्वरूप सामने आए हैं। ब्रिटेन की ब्रिटिश हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी के हाल के एक अध्ययन से पता चला है कि वर्तमान में 3 हाइब्रिड कोविड वेरिएंट चल रहे हैं। इसमें डेल्टा और बीए-1 के कॉम्बिनेशन से पैदा हुए दो अलग-अलग वेरिएंट एक्सडी और एक्सएफ हैं, जबकि तीसरा एक्सई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक्सई वेरिएंट पुराने ओमिक्रॉन के दो सब लीनेज बीए-1 और बीए-2 का रीकॉम्बिनेंट स्ट्रेन है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि जब तक एक्सई वेरिएंट के ट्रांसमिशन और बीमारी के व्यवहार में महत्वपूर्ण बदलाव नहीं देखा जाता तब तक इसे ओमिक्रॉन वेरिएंट से ही जोड़कर देखा जाएगा।

# शर्मनाक घटना: जलियांवाला बाग हत्याकांड

**सुनील महला**

जलियांवाला बाग के बाहर सड़क पर जलियांवाला बाग हत्याकांड को दशार्ती सफेद रंग की एक बड़ी मूर्ति भी वहाँ पर प्रदर्शित की गई है। बहरहाल, बताना चाहूंगा कि उस दिन शहर में कर्फ्यू लगा था और कर्फ्यू के कारण घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल या कहीं बाहर नहीं ले जाया जा सका और इसी कारण से लोगों ने तड़प तड़प कर अपनी जान दे दी थी

**इतिहास** में 13 अप्रैल का दिन बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है। यह एक अत्यंत ही काला दिन था। इस दिन पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित जलियांवाला बाग में ब्रिटिश सरकार द्वारा निहत्थे व निर्दोष लोगों पर गोलियों की बौछार कर उनकी हत्या कर दी गई थी, जब उनके द्वारा वहाँ पर एक सभा का आयोजन किया जा रहा था, इसीलिए इस दिन को जलियांवाला बाग हत्याकांड दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। अमृतसर के जलियांवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 को एक सभा रखी गई थी और उस सभा को भंग करने के लिए ब्रिटिश सरकार ने सभा में उपस्थित लोगो पर गोलियों की बौछार की थी। वास्तव में, 13 अप्रैल, 1919 को सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की रिहाई का अनुरोध करने के लिये जलियाँवाला बाग में लगभग 10,000 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की भीड़ जमा हुई थी। स्वर्ण मंदिर श्री हरमंदिर साहिब के नजदीक स्थित जलियांवाला बाग में यह हत्याकांड वैशाखी के दिन हुआ था। इस दिन रौलेट एक्ट का विरोध करने वाली सभा पर ब्रिटिश जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने बिना किसी कारण के भीड़ पर गोलियां चलवा दी,जिसमें सैकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और हजारों की संख्या में लोग घायल हो गए थे। विकीपीडिया पर यह जानकारी मिलती है कि " अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1000 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए।" वास्तव में यह ब्रिटिश सरकार द्वारा एक जघन्य हत्याकांड था, और जलियांवाला बाग की घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे ज्यादा प्रभाव डाला था। वास्तव में जलियांवाला बाग हत्याकांड की घटना ही भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरूआत बनी। ब्रिटिश इतिहास की यह अत्यंत ही शर्मनाक घटना थी। जानकारी मिलती है कि जनरल रेजीनॉल्ड डायर उस दिन 90 सैनिकों को लेकर जलियांवाला बाग पहुंचा था और सैनिकों ने बाग को घेरकर बिना किसी चेतावनी के निहत्थे व निर्दोष लोगों पर दस मिनट में कुल 1650 राउंड गोलियां चलाईं। जलियांवाला बाग उस समय मकानों के पीछे पड़ा एक खाली मैदान था। वहाँ तक जाने या बाहर निकलने के लिए केवल एक संकरा रास्ता था और चारों ओर मकान थे। भागने का कोई रास्ता नहीं था। कुछ लोग जान बचाने के लिए बाग में



मौजूद एकमात्र कुएं में कूद गए, पर देखते ही देखते वह कुआं भी लाशों से पट गया।बाग में लगी पट्टिका पर लिखा है कि 120 शव तो सिर्फ कुए से ही मिले। आज भी यह कुआं जलियांवाला बाग में मौजूद है। कुआं ही नहीं वर्तमान में यहाँ एक शहीद स्मारक, अमर जवान ज्योति भी मौजूद है। जलियांवाला बाग के बाहर सड़क पर जलियांवाला बाग हत्याकांड को दशार्ती सफेद रंग की एक बड़ी मूर्ति भी वहाँ पर प्रदर्शित की गई है। बहरहाल, बताना चाहूंगा कि उस दिन शहर में कर्फ्यू लगा था और कर्फ्यू के कारण घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल या कहीं बाहर नहीं ले जाया जा सका और इसी कारण से लोगों ने तड़प तड़प कर अपनी जान दे दी थी। इस हत्याकांड की विश्व स्तर पर जमकर निंदा की गई। निंदा के दवाब में भारत के लिए सेक्रेटरी ऑफ स्टेट एडविन मॉण्टेगू ने 1919 के अंत में इसकी जाँच के लिए हंटर कमीशन नियुक्त किया। कमीशन के सामने ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने स्वीकार किया कि उसने लोगों को मार देने का निर्णय बहुत पहले ही कर लिया था और वह उन लोगों पर चलाने के लिए दो तोपें भी अपने साथ ले गया था जो कि बाग के संकरे रास्ते से उसके अंदर प्रवेश नहीं कर पाई थीं। हंटर कमीशन की रिपोर्ट आने पर 1920 में ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर को पदावनत(डाऊनग्रेड) कर के जनरल डायर को कर्नल बना दिया गया था। उसे भारत में कोई पोस्ट नहीं दिये जाने का कठोर निर्णय किया गया था तथा साथ ही उसे स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए ब्रिटेन वापस भेज दिया गया था।हाउस ऑफ कॉमन्स ने उसका निंदा प्रस्ताव पारित किया परंतु हाउस ऑफ लॉर्ड ने इस हत्याकाण्ड की प्रशंसा करते हुये उसका प्रशस्ति प्रस्ताव पारित किया। विश्वव्यापी निंदा के दबाव में बाद को ब्रिटिश सरकार ने उसका निंदा प्रस्ताव पारित किया और 1920 में ब्रिगेडियर जनरल रेजीनॉल्ड डायर को इस्तीफा देना पड़ा। इस घटना से पंजाब पूरी तरह से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सम्मिलित हो गया और घटना ने देश के बच्चे बच्चे में आजादी हासिल करने की चाहत,जोश व जज्बा भर दिया। इस हत्याकांड से गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर इतने आहत हुए कि उन्होंने इस हत्याकाण्ड के विरोध-स्वरूप ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई अपनी नाइटहुड को वर्ष 1915 में उन्हें वापस कर दिया। इस घटना से आहत होकर स्वयं महात्मा गांधी ने कैसर-ए-हिंद की उपाधि वापस कर दी, जिसे इन्हें बोअर युद्ध के दौरान अंग्रेजों द्वारा दिया गया था।राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी ने इसके फलस्वरूप एक अगस्त 1920 में असहयोग आंदोलन प्रारंभ किया। गांधी जी अंग्रेजी सरकार के अत्याचार से आहत थे और उन्होंने सत्याग्रह के लिए अपना आंदोलन शुरू किया। वास्तव में ,यह अंग्रेजी सरकार द्वारा प्रस्तावित अन्यायपूर्ण कानूनों और कार्यों के विरोध में देशव्यापी अहिंसक आंदोलन था। इस आंदोलन में, यह स्पष्ट किया गया था कि स्वराज अंतिम उद्देश्य है। गांधी जी के असहयोग आंदोलन का परिणाम यह हुआ कि जनता अंग्रेजी शासन द्वारा दी जाने वाली सजाओं और यातनाओं को झेलने के लिए पूरी तरह से निडर व बैखौफ हो गई। हालांकि यह बात अलग है कि वर्ष 1922 में गोरखपुर के चौरी चारा नामक स्थान पर हिंसक घटना घटित होने पर गांधी जी द्वारा असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया गया था। वास्तव में चोरी चौरा कांड के दौरान भीड़ ने एक पुलिस थाने में आग लगा दी थी, जिसमें बाइस पुलिसकर्मी जलकर शहीद हो गए थे। असहयोग आंदोलन की विशेषता यह थी कि शुरूआत में अंग्रेजी के खिलाफ लड़ने के लिए अंग्रेजी सरकार द्वारा दी गई उपाधियों को लौटाया गया और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया गया। जानकारी देता चलूं कि 24 फरवरी 1919 के दिन गांधीजी ने मुंबई में एक "सत्याग्रह सभा"का आयोजन किया था और इसी सभा में यह तय किया गया था और कसम ली गई थी की रोलेट एक्ट का विरोध 'सत्य' और 'अहिंसा' के मार्ग पर चलकर किया जायेगा। दरअसल, अराजक और क्रांतिकारी अपराध अधिनियम 1919 जिसे रॉलेट एक्ट या काला कानून के नाम से भी जाना जाता है, को 10 मार्च 1919 को पारित किया गया। सरकार को अब किसी भी व्यक्ति को जो कि देशद्रोही गतिविधियों में लिप्त था और जिससे देशव्यापी अशांति फैलने का डर था, बिना मुकदमा चलाए उसे गिरफ्तार करने का अधिकार मिल गया था। गांधी जी को यह एक्ट अच्छा नहीं लगा और उन्होंने इसका बहिष्कार कर दिया। बहरहाल, यहाँ यह जानकारी देना चाहूंगा कि सरदार उधमसिंह 13 अप्रैल 1919 को घटित जालियाँवाला बाग नरसंहार के प्रत्यक्षदर्शी थे। उन्होंने जलियाँवाला बाग की मिट्टी हाथ में लेकर जनरल डायर को सबक सिखाने की कसम खाई थी। वर्ष 1934 में सरदार उधम सिंह लंदन पहुँचे और वहां 9, एल्डर स्ट्रीट कमर्शियल रोड पर रहने लगे। वहां उन्होंने एक कार एवं जनरल डायर को मारने के लिए एक रिवाल्वर खरीदी।जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद 13 मार्च 1940 को रायल सेंट्रल एशियन सोसायटी की लंदन के काक्सटन हॉल में एक बैठक थी जहां जनरल डायर भी वक्ताओं में से एक था। सरदार उधम सिंह उस दिन समय से ही बैठक स्थल पर पहुँच गए थे। उन्होंने अपनी रिवॉल्वर को एक मोटी किताब में उसे रिवाल्वर के आकार में काटकर छिपा लिया था, मौका पाकर बैठक के बाद सरदार उधम सिंह जी ने जनरल डायर के सीने में ताबड़तोड़ गोलियां दाग दी, दो गोलियां डायर के लगीं और इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

सरदार उधम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चलाया गया। 4 जून 1940 को उन्हें(सरदार उधम सिंह को) हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई।

# जाति प्रथा के विरोधी थे डॉ. आम्बेडकर

**रमेश सर्राफ**

**भारतीय** संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है।

इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था। डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही शिक्षित करो से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे।

अभिव्यक्ति

# जलियांवाला बाग हत्याकांड: नरसंहार का प्रतीक

**सत्यवान 'सौरभ'**

**जलियांवाला** बाग नरसंहार, जिसे अमृतसर का नरसंहार भी कहा जाता है, एक ऐसी घटना थी जिसमें ब्रिटिश सैनिकों ने पंजाब के अमृतसर में जलियांवाला बाग के नाम से जाने जाने वाले खुले स्थान में निहत्थे भारतीयों की एक बड़ी भीड़ पर गोलीबारी की थी। जलियांवाला बाग हत्याकांड,13 अप्रैल, 1919, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। उस दिन पंजाब और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में लोकप्रिय फसल उत्सव बैसाखी थी। अमृतसर में स्थानीय निवासियों ने उस दिन एक बैठक आयोजित करने का फैसला किया, जिसमें सत्य पाल और सैफुद्दीन किचलू, स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले दो नेताओं और रॉलेट एक्ट के कार्यान्वयन के खिलाफ चर्चा और विरोध किया गया, जिसने ब्रिटिश सरकार को बिना किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने की शक्तियों से लैस किया था। भीड़ में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों का बड़ा समूह था। वे सभी जलियांवाला बाग नामक एक पार्क में एकत्र हुए, जिसके चारों ओर चारदीवारी थी। विरोध शांतिपूर्ण था, और सभा में स्वर्ण मंदिर जाने वाले तीर्थयात्री शामिल थे जो केवल पार्क से गुजर रहे थे, और विरोध करने नहीं आए थे। जब बैठक चल रही थी, ब्रिगेडियर-जनरल रेजिनाल्ड एडवर्ड हैरी डायर, जो जनता को सबक सिखाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे थे, ने भीड़ पर गोलियां चलाने के लिए अपने साथ लाए गए 90 सैनिकों को आदेश दिया। मौत से बचने के लिए कई लोगों ने दीवारों को फांदने की कोशिश की और कई लोग पार्क के अंदर स्थित कुएं में कूद गए। यह त्रासदी भारतीयों के लिए एक करारा झटका थी और उन्होंने ब्रिटिश न्याय प्रणाली में उनके विश्वास को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। राष्ट्रीय नेताओं ने इस कृत्य की निंदा की और डायर की स्पष्ट रूप से निंदा की। नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने विरोध पत्र में अंग्रेजों के क्रूर कृत्य की निंदा करते हुए उन्हें दिए गए नाइटहुड को त्याग दिया। नरसंहार और पीड़ितों को उचित न्याय देने में अंग्रेजों की विफलता के विरोध में, गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में बोअर युद्ध के दौरान अपनी सेवाओं के लिए अंग्रेजों द्वारा उन्हें दी गई 'कैसर-ए-हिंद' की उपाधि को त्याग दिया।

दिसम्बर 1919 में कांग्रेस का अधिवेशन अमृतसर में हुआ। इसमें किसान समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जनरल डायर को ब्रिटेन और भारत में अंग्रेजों ने बहुत सराहा था, हालांकि ब्रिटिश सरकार के कुछ लोगों ने इसकी आलोचना करने की जल्दी की थी। नरसंहार एक सुनियोजित कार्य था और डायर ने गर्व के साथ घोषणा की कि उसने लोगों पर 'नैतिक प्रभाव' पैदा करने के लिए ऐसा किया है और उसने अपना मन बना लिया है कि अगर वे बैठक जारी रखने वाले हैं तो वह सभी को मार डालेगा। सरकार ने हत्याकांड की जांच के लिए हंटर आयोग का गठन किया। हालांकि आयोग ने डायर के कृत्य की निंदा की, लेकिन उसने उसके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। उन्हें 1920 में सेना में अपने कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया था। एक ब्रिटिश अखबार ने इसे आधुनिक इतिहास के खूनी नरसंहारों में से एक बताया। सिखों के बहुमत के साथ 15,000-20,000 लोगों की बड़ी भीड़ इस बगीचे में पंजाबी फसल उत्सव बैसाखी मनाने के लिए एक साथ आई थी। वे दमनकारी रॉलेट एक्ट के खिलाफ विद्रोह करने के लिए भी एकत्र हुए थे, जिसमें प्रेस पर सख्त नियंत्रण, वारंट के बिना गिरफ्तारी और बिना मुकदमे के अनिश्चितकालीन नजरबंदी का प्रावधान था। लोग निहत्थे थे और अंग्रेजों ने उन्हें घेर लिया और बेरहमी से गोलियां चला दीं। उसके बाद भी अंग्रेज सहानुभूति नहीं रखते थे, लेकिन निम्न तरीकों से क्रूर दमन के साथ प्रतिक्रिया करते थे। लोगों को अपमानित करने और आतंकित करने की कोशिश में, सत्याग्रहियों को अपनी नाक जमीन पर रगड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्हें सड़कों पर रेंगने और सभी साहिबों को सलाम करने के लिए मजबूर किया गया। लोगों को कोड़े मारे गए और गांवों (पंजाब में गुजरांवाला के आसपास) पर बमबारी की गई। भारतीयों के लिए इसने आग में घी का काम किया। और राष्ट्रीय आंदोलन को और अधिक तीव्रता से आगे बढ़ाया गया नेताओं ने सरकार की भारी आलोचना की और टैगोर ने विरोध के रूप में अपने नाइटहुड का त्याग कर दिया।

# मूंदड़ा जी ये एफ-टेन किधर है

**रामविलास जांगिड़**

अपने बच्चों को मूर्ख बनाने के लिए किसी भी स्कूल में भर्ती कराने की जरूरत मात्र है। मां-बापों की जिम्मेदारी होती है कि वे अपने बच्चों को ठीक से मूर्ख बना दें। प्राइवेट स्कूल बाकायदा गारंटी देकर मूर्ख बनाते हैं। अपने पापों के प्रायश्चित के लिए अगर दान-पुण्य कमाना ही हो तो बच्चों को प्राइवेट स्कूल में जरूर जमा करा दें। फिर उसे ढूंढ़ने के लिए आपको बस 50 धक्के मात्र की जरूरत रहेगी। पूरे करारे दस धक्के खाने के बाद अपने मोबाइल में छलांग मारकर किनारे टहलने वाली रजनी मैम आपको ये बताएगी कि आपका हस्ताक्षर कौन सी विंग में किस कागज में फड़फड़ा रहा है। इस प्राइवेट होटल में जब अपने लख्ते जिगर को ढूंढ़ने जाएंगे तो आपको कई गैलरियां, कई विंग और कई परियों के इशारों से गुजरते हुए जाना पड़ेगा। यहीं आपको मैडम रजनी को ढूंढ़ना है, जो आपके ट्रांजिस्टर का दर्शन करा सकेगी।

मैडम रजनी का तो आपको पता ही है। उनका कंप्यूटर चल रहा है और वह किसी पोर्टल पर नजरें गड़ाए बैठी है। यहीं खड़े-बैठे-लेटे आपको इंतजार करना पड़ेगा कि मैम कब फ्री होगी! फिर वे अपने पल्लू को ठीक करते हुए, चश्मे को करीने से सजाते हुए, लजा-कर धीमे से पूछेंगी- येश!!! बस इसी येश पुराण के बाद आपको गश खाकर गिरना ही चाहिए! इसी समय आप धीमे से अपने बबुआ का नाम पुकार सकते हैं। कहिए- वांट टू मीट! इस बात पर मैडम पहले तो आपको इस तरह घूरेगी जैसे आपने उसकी बेटी का हाथ मांग लिया हो। इस वारदात के शुभ अवसर पर आप भी अपना चांद सा मुखड़ा ऐसे बना लेते है जैसे इमरान खान ने अविश्वास प्रस्ताव के समय बना लिया था। इसी समय आपको लगेगा कि आपका सब कुछ उजड़ गया है और इस दुनिया में आज की तारीख में आपसे बड़ा लाचार-दुखी जंतु कोई और नहीं है। रजनी मैम बड़ी दयालु है। उसे आपके उजड़े चमन पर कुछ दया आती है और वह आपके हस्ताक्षर से बात करवाने का मन बना लेती है।

स्कूल में बच्चे ढूंढ़ने का कार्य बेचारी अकेली मैडम कैसे कर सकती है? उसने इस भारी-भरकम काम में तीन अन्य मैडमों के साथ ही मूंदड़ा जी को करुण कातर स्वर में पुकारा- मूंदड़ा सरऽऽऽ! ये जांगिड़ जी का ट्रांजिस्टर किधर है? मूंदड़ा सर अपनी सीट से दौड़कर पहले रजनी जी के पास आते हैं। अबला की करुण पुकार सुनकर वे अपने ज्ञान का खजाना खोलते हैं। उन्हें कंप्यूटर पर सिखाते हैं कि कैसे एक क्लिक से किसी बच्चे की लाइव लोकेशन मॉनिटर पर आ जाती है। तीन घंटे मात्र में इस दिव्य ज्ञान का बोध कराया जाता है। अरे! ये सिस्टम कब चेंज हो गया? देखिए आप सबसे पहले माय स्कूल पर जाकर क्लिक करें। अब आप एक पॉप-अप देखेंगे। इसे अवॉइड करें। अब आप कक्षा पर जाकर क्लिक करें। कक्षा के बाद आप उसका सेक्शन का पता लगाएं। सेक्शन के भीतर जाने से पहले आपको विंग का सही पता लगाना पड़ेगा, वरना सब किया कराया गोबर! सेक्शन के भीतर जाने के बाद बच्चों की एक विशाल रेंज दिखाई पड़ेगी। बच्चे को एक विशेष कोड के सहारे ढूंढ़ना पड़ेगा। जिसका ओटीपी उसके अभिभावक के पास आएगा। उससे मांग कर आपको फीड करना पड़ेगा। डॉ मूंदड़ा रजनी मैम को शिक्षा की बारीकियां समझा रहे हैं। अब आप एफ-टेन दबाएं। फिर फटाक से एंटर मार दें। मैम चश्मा ठीक करती है। तीन बार मॉनिटर की तरफ और तीस बार की-बोर्ड की तरफ नजरें मारती है। फिर की-बोर्ड पर इस तरह से उंगलियां फिराती हैं, जैसे यूक्रेन युद्ध में कीव शहर की लाशों के बीच कोई अभिभावक अपनी जिंदगी ढूंढ़ रहा हो। फिर मदद के लिए पुकारती है। मूंदड़ा जी ये एफ-टेन किधर है? मूंदड़ा जी दौड़ते-भागते! टेबलों की लाशों को फांदते गज गामिनी अबला की मदद के लिए अपनी नजरों का सुदर्शन चक्र लेकर तुरंत सीन पर हाजिर होते हैं। वे एफ-टेन का रहस्य समझाते हैं।

## अफगानिस्तान: धर्मान्धता की राह पर चलने वाले देशों के लिये उदाहरण

**वेद प्रताप वैदिक**

जब से रूस और यूक्रेन का युद्ध चला है, मैं बराबर लिखता रहा हूं कि इस मामले में भारत सर्वश्रेष्ठ मध्यस्थ हो सकता है, क्योंकि अमेरिका, रूस और यूक्रेन, तीनों से उसके संबंध उत्तम हैं। मुझे खुशी है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से बात करके उन्हें प्रेरित किया कि वे व्लादिमीर पुतिन से सीधे बात करें और इस युद्ध को शांत करें। बेहतर होता कि मोदी सीधे ही खुद मध्यस्थ की भूमिका निभाते। वह यह काम अभी भी कर सकते हैं। ऐसा प्रयत्न फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कर चुके हैं लेकिन उनकी एक सीमा है। वह है, उनका अमेरिका और नाटो वाला संबंध! उनका तो अपना स्वार्थ भी अटका हुआ है। वे रूस के तेल और गैस पर निर्भर हैं। भारत की ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। भारत रूस से शस्त्र जरूर खरीदता है लेकिन रूस को पता है कि भारत चाहे तो वह उन्हें किसी भी अन्य देश से खरीद सकता है। जब रूस भारत को सस्ता तेल भेजने लगा तो अमेरिका चिढ़ने लगा। उसके एक अफसर ने भारत आकर धमकी भी दे डाली कि इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। भारत की तटस्थता पर टिप्पणी करते हुए बाइडन भी बोल पड़े कि चौगुटे के देशों में भारत ही ऐसा है, जो रूस का विरोध करने में जरा ढीला है। लेकिन अमेरिका को पता है कि भारत के प्रतिनिधि ने संयुक्तराष्ट्र संघ में दर्जनों बार साफ-साफ कहा है कि यह युद्ध तुरंत रुकना चाहिए और किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता और स्वतंत्रता पर आंच नहीं आनी चाहिए। भारत ने यूक्रेन के बूचा नामक शहर में हुए नरसंहार की जांच की मांग भी की है। बाइडन और मोदी के संवाद में यह मामला भी उठा। मोदी ने पुतिन से भी कहा था कि वे झेलेंस्की से सीधे बात क्यों नहीं करते? भारत ने यूक्रेन को पहले भी अनाज और दवाइयां भिजवाई थीं और अब भी भेजने की घोषणा की है।

## रिटायर्ड आउट के फैसले पर अश्विन को मिला कोच संगकारा का समर्थन, बोले- रवि ने सही समय पर लिया फैसला

**पुणे।** राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सही समय पर रिटायर्ड आउट होकर मैच स्थिति को अच्छी तरह से संभाला। हालांकि, उन्होंने स्वीकार भी किया कि रियान पराग को रासी वान डेर डुसेन से पहले नहीं भेजना गलती थी।

राजस्थान आईपीएल इतिहास में पहली टीम बन गई है जिसने रिटायर्ड आउट होने के लिए रणनीति बनाई। लखनऊ के खिलाफ जब अश्विन 28 रन बनाकर खेल रहे थे, तब वह स्वयं ही पवेलियन लौट गए थे। संगकारा ने कहा कि ऐसा करने के लिए यह सही समय था। हमने इससे पहले इस पर चर्चा की थी कि क्या करना है। आईपीएल 2022 के 20वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को तीन रनों से हरा दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में राजस्थान ने 165 रनों का सफलतापूर्वक बचाव किया और सीजन की तीसरी जीत दर्ज की। राजस्थान के 165 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ की टीम आठ विकेट खोकर 162 रन बना पाई। राजस्थान की तरफ से डेब्यूटेंट कुलदीप सेन ने आखिरी ओवर में 15 रनो का बचाव किया।

## हरभजन सिंह ने की इस हरफनमौला खिलाड़ी की तारीफ, कहा- टी20 वर्ल्ड कप में भारत को उनकी जरूरत पड़ेगी

**मुंबई ।** आईपीएल 2022 की नई टीम गुजरात टाइटंस खूब धमाल मचा रही है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली इस टीम ने अब तक सीजन में अपने तीनों मैच जीते हैं। टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स जैसी मजबूत टीमों को हरा चुकी है। इसके बाद बतौर



कप्तान हार्दिक की भी जमकर तारीफ हो रही है। भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने भी हार्दिक की जमकर तारीफ की है। हरभजन ने कहा है कि टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी-20 वर्ल्ड कप में हार्दिक जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी की जरूरत पड़ेगी। क्रिकेट के एक शो में बातचीत के दौरान भज्जी ने कहा- बतौर कप्तान हार्दिक अपने रोल को बखूबी निभा रहे हैं और टीम को फ्रंट से लीड कर रहे हैं। उन्होंने बल्ले के साथ-साथ गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया है। यह टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। गुजरात के लिए उनका प्रदर्शन टीम इंडिया में उनका कमबैक करा सकता है।

हरभजन ने कहा- हार्दिक की नजर टीम इंडिया के लिए खेलने पर है। अगर वह धीरे-धीरे पांच-छह ओवर गेंदबाजी करते हैं तो यह भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। टीम इंडिया को उनके जैसी क्षमता वाले खिलाड़ी की जरूरत पड़ेगी। टीम की कप्तानी करने से वह और बेहतर खिलाड़ी, बेहतर कप्तान और एक बेहतर इंसान बन पाएंगे। ऐसा ही रोहित शर्मा के साथ भी हुआ था। भज्जी ने कहा- हार्दिक की कड़ी मेहनत और डेडिकेशन ने उनके पिता के सपने को भी पूरा किया। हार्दिक हर उस व्यक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो नीचे से उठकर अपनी पहचान बनाना चाहता है।

## कोलकाता और दिल्ली के मैच में दिखी मिस्ट्री गर्ल, अंपायर के बाद कैमरामैन भी हुए ट्रोल

**मुंबई ।** आईपीएल 2022 में कोलकाता और दिल्ली के मैच में एक और मिस्ट्री गर्ल मैदान में दिखी। यह मिस्ट्री गर्ल मैच में दिल्ली की टीम को सपोर्ट करने पहुंची थी। दिल्ली ने इस मैच शानदार खेल दिखाया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पहली पारी में दिल्ली की टीम ने 215 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता की टीम 171 रन ही बना पाई और यह मैच 44 रन से हार गई। इस टूर्नामेंट में यह दिल्ली की दूसरी जीत थी। वहीं कोलकाता को दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा है। मैच के दौरान कैमरामैन ने कई बार मिस्ट्री गर्ल पर फोकस किया और उसके हाव भाव कैमरे में दिखाते रहे। इस बीच जब ऋषभ पंत से आंद्रे रसेल का कैच छूटा तब भी कैमरामैन ने दिल्ली की फैन की निराशा दिखाई। दिल्ली कैपिटल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने 216 रनों का लक्ष्य रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 215 रन बनाए। यह इस सीजन में पहली या दूसरी, दोनों पारियों को मिलाकर सबसे बड़ा टोटल है। इससे पहले इसी सीजन में चेन्नई ने लखनऊ के खिलाफ 210 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने 211 रन बनाकर मैच जीत लिया था। दिल्ली की ओर से डेविड वार्नर ने सबसे ज्यादा 45 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली।

# जूनियर विश्वकप में भारत की निगाह कांस्य पदक पर, नौ साल पुराना इतिहास दोहराने का मौका

**नई दिल्ली।** भारत का पहली बार जूनियर महिला हॉकी विश्वकप का खिताब जीतने का सपना चकनाचूर हो चुका है लेकिन टीम इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले कांस्य पदक के मुकाबले में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

भारत का सेमीफाइनल तक अभियान शानदार रहा था लेकिन अंतिम चार के मुकाबले में उसे तीन बार के चैंपियन नीदरलैंड से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत पूल चरण में अजेय रहा था जिसमें जर्मनी पर



2-1 की जीत भी शामिल थी। जर्मनी ने हालांकि फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना नीदरलैंड से होगा। भारतीय टीम खिताब की दौड़ से तो बाहर हो गई है लेकिन वह 2013 के प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेगी, जब उसने जर्मनी के मोशेंग्लाबाख में कांस्य पदक जीता था।

संयोग से 2013 में भारतीय टीम सेमीफाइनल में नीदरलैंड से 0-3 से हार गई थी। सुशीला चानू की अगुवाई वाली टीम तब कांस्य पदक के मुकाबले में इंग्लैंड से भिड़ी थी जिसमें उसने शूटआउट में जीत दर्ज की थी। अब यह देखना होगा कि सलीमा टेटे की अगुवाई वाली टीम 2013 के इतिहास को दोहरा पाती है या नहीं।

**अग्रिम पंक्ति पर रहेगा बड़ा जिम्मा**

भारतीय टीम अग्रिम पंक्ति में लालरेमसियामी, शर्मिला देवी और मुमताज खान पर काफी निर्भर है। इंग्लैंड की टीम को सेमीफाइनल में जर्मनी से 0-8 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी जिससे उसका आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है। भारत इसका फायदा उठाना चाहेगा। भारतीय उप कप्तान इशिका चौधरी ने कहा कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ मौके गंवाने की गलती नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड की टीम अच्छी है। हमने पिछले मैचों के उनके वीडियो देखे थे। हमारे लिए अपने खेल पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। हमें मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा और रक्षण में मजबूत रहना होगा।'

## रियल मैड्रिड ने गेटाफे को 2-0 से दी शिकस्त, कासेमिरो और वास्केज ने दागे गोल

**नई दिल्ली।** रियल मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में गेटाफे पर 2-0 से जीत दर्ज कर शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत किया। रियल के लिए 38वें मिनट में कासेमिरो ने और 68वें मिनट में लुकस वास्केज ने गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

इस जीत के साथ रियल ने दूसरे स्थान पर काबिज सेविला पर 12 अंक की बढ़त बना ली, जबकि बार्सिलोना उससे 15 अंक पीछे है। रिकॉर्ड 13 बार की यूरोपीय चैंपियन रियल मंगलवार को चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में गत चैंपियन चेल्सी की मेजबानी करेगी। पहले चरण के मैच में उसने 3-1 से जीत दर्ज कर बढ़त बनाई हुई है।

एक अन्य मैच में एटलेटिको



मैड्रिड को मैनचेस्टर सिटी से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के पहले हॉफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हॉफ में मैनचेस्टर सिटी के डि ब्रूइन ने 69वें मिनट में टीम के लिए गोल कर जीत पक्की की। रहना होगा।'

## दीपिका पल्लीकल ने तीन साल बाद की धमाकेदार वापसी, भारत को दो स्पर्धाओं में दिलाया स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दीपिका पल्लीकल ने को ग्लासगो में विश्व युगल स्क्वैश चैंपियनशिप में कमाल कर दिया। उन्होंने जोशना चिनप्पा के साथ महिला और सौरव घोषाल के मिश्रित युगल के खिताब पर कब्जा कर दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल ने मिश्रित युगल के फाइनल में अंग्रेजी जोड़ी एड्रियन वालर और एलिसन वाटर्स को हराया।

दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल ने एड्रियन वालर और एलिसन वाटर्स की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-6, 11-8 से शिकस्त दी। दीपिका और सौरव की जोड़ी युगल स्पर्धा में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी है। इसके बाद जोशना चिनप्पा के साथ दीपिका ने महिला युगल में



उतरीं। वहां दोनों ने खिताब अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त जोशना चिनप्पा और दीपिका की भारतीय जोड़ी ने कड़े मुकाबले में इंग्लैंड की सारा-जेन पेरी और एलिसन वाटर्स की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-9, 4-11, 11-8 से हराया।

दीपिका पल्लीकल ने तीन साल दूर रहने के बाद ग्लासगो मीट में अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश में वापसी की। भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक से शादी करने वाली दीपिका पिछले साल मां बनी थीं।

# हैदराबाद की जीत से आरसीबी और लखनऊ को फायदा, गुजरात टॉप चार से बाहर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 में गुजरात की टीम की पहली हार के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुए हैं। एक हार के बाद ही यह टीम शुरुआती चार टीमों से बाहर हो गई है। वहीं हैदराबाद लगातार दूसरी जीत के बावजूद आठवें स्थान पर बनी हुई है। उसके पास चार अंक हैं। दिल्ली और पंजाब के पास भी चार-चार अंक हैं। हालांकि अंक तालिका में नीचे की दो टीमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और चेन्नई-मुंबई आखिरी दो स्थान पर बनी हुई हैं। हैदराबाद के टी नटराजन पर्पल कैप की रेस में आ चुके हैं। वहीं गुजरात के शुभमन गिल ऑरेंज कैप की रेस में चौथे स्थान पर बने



हुए हैं।

**हैदराबाद की जीत से आरसीबी और लखनऊ को फायदा-** सनराइजर्स हैदराबाद की जीत से अंकतालिका में आरसीबी और लखनऊ को फायदा हुआ है। ये दोनों अब टूर्नामेंट में शुरुआती चार टीमों में आ चुकी हैं। बैंगलोर तीसरे और लखनऊ चौथे स्थान पर है। वहीं गुजरात की टीम पांचवें स्थान पर आ चुकी है। यह टीम पहले तीसरे स्थान पर थी।

**अंक तालिका की स्थिति**

अंक तालिका में राजस्थान की टीम पहले पायदान पर बनी हुई है। वहीं कोलकाता दूसरे स्थान पर है। गुजरात पहली हार के बाद दो स्थान नीचे खिसककर पांचवें नंबर पर पहुंच गई है। आरसीबी तीसरे और लखनऊ चौथे स्थान पर आ चुकी है। दोनों टीमों को गुजरात की हार से फायदा मिला है। जीत के बावजूद हैदराबाद की टीम आठवें स्थान पर बनी हुई है। अब उसके पास चार अंक हो चुके हैं और रन रेट भी बेहतर हुआ है। मुंबई नौवें और चेन्नई दसवें स्थान पर बनी हुई है। ये दोनों टीमें अब तक कोई मैच नहीं जीत पाई हैं।

## 2023 में होगा पहला महिला अंडर 19 विश्व कप, दक्षिण अफ्रीका को मिली मेजबानी

**दुबई।** महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का पहला संस्करण साल 2023 में आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका को दी गई है। कुल 16 देश इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। पहले यह टूर्नामेंट 2021 में होना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे 2021 में आयोजित नहीं किया जा सका। अब रविवार को हुई बैठक में तय किया गया कि 2023 में यह टूर्नामेंट आयोजित होगा। 2021 में कोरोना महामारी के चलते इसे दो बार स्थगित किया गया था। अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में कुल 41 मैच होंगे। यह टूर्नामेंट जनवरी के महीने में आयोजित होगा।

# ला लीगा: तीन पेनाल्टी खाने के बाद भी जीता बार्सिलोना, लेवांटे पर 3-2 से जीत हासिल करने के बाद दूसरे स्थान पर पहुंचा

**पुणे ।** बार्सिलोना ला लिगा में विरोध में तीन पेनाल्टी मिलने के बावजूद लेवांटे पर 3-2 से शानदार जीत दर्ज कर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पूरे मैच में लेवांटे को तीन पेनाल्टी मिली, जिसमें दो को उसने गोल में बदला और एक बार्सिलोना के गोलकीपर ने बचाव किया जो निर्णायक साबित हुआ।

84वें मिनट में मैदान में उतरे स्थानापन्न खिलाड़ी लुक डि जांग ने इंजुरी टाइम में गोलकर बार्सिलोना की जीत पर मुहर लगाई। इससे पहले मुकाबला 2-2 की बराबरी पर चल रहा था। इस जीत के साथ सभी टूर्नामेंट में बार्सिलोना ने अपना अजेय अभियान 15 मैचों तक पहुंचा दिया है। शीर्ष पर काबिज रियल मैड्रिड से वह अभी 12 अंक पीछे है। मैड्रिड ने शनिवार को गेटफे को 2-0 से हराया था।

**अंतिम क्षणों में आया विजयी गोल-** मैच के शुरुआत में बार्सिलोना के खिलाड़ियों ने दबाव बनाते हुए लेवांटे के



खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन गोल करने में असफल रहे। पहले हॉफ तक दोनों टीमें गोलरहित रहीं। दूसरे हॉफ में लेवांटे के जोस लुइस मोरालेस ने पेनाल्टी की मदद से 52वें मिनट में गोलकर टीम को बढ़त दिलाई।

हालांकि, इसके सात मिनट बाद बार्सिलोना के पियरे एमरिक ऑबमेयंग ने डेम्बेल के क्रास को हेडर के जरिए गोल में बदलकर 59वें मिनट में स्कोर बराबरी पर ला दिया। 63वें मिनट में पेड्री गोंजालेज ने गोल दागकर बार्सिलोना की बढ़त 2-1 कर दी। लेवांटे को 83वें मिनट में दूसरी पेनाल्टी तब मिली जब बार्सिलोना के डिफेंडर क्लेमेंट ने फाउल कर दिया और मेलेरो ने बिना मौका गवांए पेनाल्टी को गोल में बदल स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

एक मिनट बाद ही बार्सिलोना के कोच जावी ने रणनीति में बदलाव करते हुए स्थानापन्न खिलाड़ी लुक डे को मैदान पर उतारा। जिसका फायदा इंजुरी टाइम में देखने को मिला जब जोर्डी अल्बा के पास को डि जांग (90+2) ने गोल में तब्दील कर टीम को जीत दिलाई।

बार्सिलोना के कोच जावी हर्नांडेज ने कहा- खिताब के लिए संघर्ष करना मुश्किल होगा, क्योंकि रियल मैड्रिड गलतियां नहीं कर रहा है। हम दोनों के आगे कठिन मैच हैं। यदि मैड्रिड कुछ अंक गंवाता है तो हम कुछ बड़ा हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।

## श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा- श्रीलंकाई खिलाड़ी आईपीएल छोड़ें, यह देश के साथ खड़ा होने का समय

**नई दिल्ली।** पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर और मंत्री अर्जुन राणातुंगा ने श्रीलंका के खिलाड़ियों से अपील की है कि वो आर्थिक संकट के समय में आईपीएल छोड़ देश के साथ खड़े हों। श्रीलंका मौजूदा समय में मुश्किल आर्थिक संकट से जूझ रहा है। वहां ईंधन और भोजन की भारी मात्रा में कमी है। इससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। कोरोना महामारी के आने के बाद यहां की अर्थव्यवस्था लगातार गिरी है और अब पूरी तरह से चरमरा चुकी है। राणातुंगा ने कहा ÷मुझे नहीं पता, लेकिन कई खिलाड़ी हैं, जो शान से आईपीएल में खेल रहे हैं और अपने देश के बारे में कुछ नहीं बोल रहे हैं। दुर्भाग्य से लोग सरकार के खिलाफ बोलने से डरते हैं। ये खिलाड़ी सरकार के अधीन आने वाले क्रिकेट बोर्ड के लिए काम करते हैं और अपनी नौकरी खोने से डर रहे हैं। अब उन्हें भी एक कदम उठाने की जरूरत है, क्योंकि कई युवा खिलाड़ी भी आगे आ चुके हैं और आंदोलन के समर्थन में अपनी बात कही है।' राणातुंगा ने आगे कहा कि जब कुछ गलत हो रहा है, तब आपके अंदर उसके खिलाफ बोलने का साहस होना चाहिए। ऐसे में अपने धंधे के बारे में नहीं सोचना चाहिए। लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं आंदोलन में क्यों नहीं शामिल हो रहा हूं। इसकी वजह यह है कि मैं पिछले 19 सालों से राजनीति में रहा हूं और इस आंदोलन में कोई राजनेता शामिल नहीं हैं। यह कोई राजनीति का मुद्दा नहीं है। अब कोई भी राजनीतिक पार्टी या राजनेता आंदोलन का हिस्सा नहीं बने हैं। यही इस देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत है।

# चेन्नई को बड़ा झटका, दीपक चाहर दूसरी बार चोटिल, आईपीएल से हो सकते हैं बाहर

**मुंबई।** आईपीएल 2022 में लगातार चार मैच हार चुकी चेन्नई की टीम को बड़ा झटका लगा है। एनसीए में ट्रेनिंग कर रहे दीपक चाहर दूसरी बार चोटिल हो गए हैं। इसी साल फरवरी के महीने में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आया था। इस चोट से उबरने के लिए चाहर एनसीए में ट्रेनिंग कर रहे थे और अप्रैल के अंत तक उनके फिट होने की उम्मीद थी। अब चाहर मांसपेशियों की चोट से उबरने से पहले ही दूसरी बार चोटिल हो गए हैं। इस बार उनकी पीठ में चोट लगी है और अब आईपीएल में उनकी वापसी पर संदेह जताया जा रहा है।

चेन्नई की टीम को पहले ही चाहर की कमी खल रही थी। उनकी गैरमौजूदगी में सीएसके को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है। उम्मीद जताई जा रही थी कि उनके आने के बाद सीएसके का प्रदर्शन बेहतर होगा, लेकिन उनके दूसरी बार चोटिल होने के बाद इस टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर पड़ गई हैं।

**चेन्नई के अहम सदस्य हैं दीपक**

दीपक चाहर चेन्नई के लिए पावरप्ले में प्रमुख गेंदबाज थे और निचले क्रम में बल्ले के साथ भी उपयोगी पारियां खेलने में माहिर हैं। टीम को उनकी कमी बहुत ज्यादा खली है। दीपक के बिना चेन्नई की टीम चार मैच खेल चुकी है और पावरप्ले में सिर्फ दो विकेट ले पाई है। इस दौरान चेन्नई के गेंदबाजों ने शुरुआती छह ओवरों में 8.62 के इकोनॉमी रेट से रन खर्चे हैं। मुकेश चौधरी को दीपक की जगह मौका दिया गया है, लेकिन चेन्नई को कोई गेंदबाज पावरप्ले में विकेट नहीं दिला पा रहा है।

वहीं चेन्नई के लिए पावरप्ले में चाहर का रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 58 पारियों में पावरप्ले के अंदर 42 विकेट लिए हैं और 7.61 की इकोनॉमी रेट से रन खर्चे हैं। इसी वजह से चेन्नई ने चाहर को मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ की मोटी रकम पर खरीदा था।

**चाहर को वापसी में लगेगा समय**

भारत को इसी साल अक्तूबर के महीने में टी20 विश्व कप खेलना है। ऐसे में टीम इंडिया चाहेगी कि चाहर पूरी तरह फिट होने के बाद ही मैच खेलना शुरू करें। इसी वजह से उनकी वापसी में समय लग सकता है। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि 25 अप्रैल तक चाहर चेन्नई के लिए उपलब्ध हो सकते हैं, लेकिन पीठ की चोट के बाद यह समय बढ़ गया है और संभव है कि चाहर पूरे सीजन के लिए चेन्नई की टीम से बाहर हो जाएं। चेन्नई की वापसी की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। माना जा रहा था कि चाहर 25 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। तब तक चेन्नई को पांच मैचों में उनके बगैर ही खेलना होगा।

# विदेश संदेश

## श्रीलंका ने अस्थायी रूप से विदेशी ऋण भुगतान निलंबित किया

**कोलंबो**.श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने अंतरिम अवधि के लिए सभी प्रभावित कर्जों की सामान्य कर्ज अदायगी को तब तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है, जब तक कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा समर्थित एक व्यवस्थित और सहमति वाले पुनर्गठन कार्यक्रम को एक साथ नहीं कर देता।

एक बयान में, मंत्रालय ने कहा कि आईएमएफ द्वारा समर्थित आर्थिक समायोजन कार्यक्रम के अनुरूप ऋण चुकौती का पुनर्गठन किया जाएगा, जो सभी ऋण चुकौती पर लागू होगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया, हालांकि, इसने कहा कि क्रेडिट सुविधाएं और मौजूदा क्रेडिट सुविधाओं के तहत वितरित की गई कोई भी राशि इस नीति के अधीन नहीं है और सामान्य रूप से सेवा के योग्य होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण एशियाई राष्ट्र को उधार देने वाली विदेशी सरकारों सहित लेनदार मंगलवार दोपहर से उनके कारण किसी भी ब्याज भुगतान को भुनाने या श्रीलंकाई रुपये में भुगतान का विकल्प चुनने के लिए स्वतंत्र थे।श्रीलंका वर्तमान में एक गंभीर आर्थिक संकट के बीच में है जिसमें विदेशी मुद्रा, ईंधन और अन्य आवश्यक आपूर्ति की कमी के साथ-साथ बढ़ती मुद्रास्फीति भी शामिल है।

## नवाज शरीफ की पाकिस्तान लौटने की फिलहाल योजना नहीं

**पाकिस्तान**. पाकिस्तान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में शहबाज शरीफ के पदभार संभालने के बावजूद उनके बड़े भाई नवाज शरीफ की लंदन से तत्काल वापसी की खबर को उनकी पीएमएल-एन पार्टी ने खारिज कर दिया है। ये जानकारी डॉन की रिपोर्ट से सामने आई है।पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, अभी नवाज शरीफ की तत्काल वापसी की कोई योजना नहीं है। शरीफ परिवार को लगता है कि उनकी जल्द वापसी से लोगों को लगेगा कि ये प्रोपेगेंडा उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने फैलाया था और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई गंभीर समस्या नहीं है।

पाकिस्तान वापसी का फैसला करने से पहले नवाज जिस अन्य पहलू पर विचार कर रहे हैं वह यह है कि जल्दी चुनाव के लिए पीटीआई के बढ़ते दबाव के सामने आने वाले महीनों में 11 दलों की गठबंधन सरकार कैसे काम करेगी।

नवाज की वापसी की संभावित तारीख के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री के करीबी एक अन्य नेता ने कहा, या तो अगले चुनाव से ठीक पहले या उसके ठीक बाद। अगर नवाज को अगले चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ राहत मिलती है, तो पार्टी पीएमएल-एन के चुनाव अभियान की अगुआई करने के लिए उन पर वापसी के लिए दबाव डालेंगे। इमरान खान के प्रचार की बराबरी करने के लिए पीएमएल-एन को नवाज की जरूरत है।

उन्होंने दावा किया कि चूंकि शहबाज के नेतृत्व वाली सरकार नवाज के खिलाफ मामलों को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाएगी ताकि उन्हें राहत मिल सके। इमरान खान की पार्टी विकास से जुड़ी चीजों पर जवाब देने के लिए तैयार है।

## यूरोप में सबसे अधिक ईंधन की कीमतें नीदरलैंड, डेनमार्क, जर्मनी में

**बर्लिन**. नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी में पेट्रोल और डीजल की कीमतें किसी भी अन्य यूरोपीय देश की तुलना में ज्यादा हैं। ये जानकारी जर्मनी के संघीय सांख्यिकी कार्यालय (डेस्टैटिस) ने दी।

जानकारी के मुताबिक, मार्च की शुरूआत में जर्मनी में पेट्रोल स्टेशनों पर मानक ई10 ईंधन और डीजल की कीमतें 2-यूरो (2.18 डॉलर) प्रति लीटर के निशान से ज्यादा बढ़ गईं। देश के संघीय कार्टेल कार्यालय (बीकार्टा) ने सोमवार को कहा कि वह इसके जवाब में कीमतों की बारीकी से निगरानी करेगा।

डेस्टैटिस के अनुसार, नीदरलैंड और डेनमार्क में क्रमश- 2.11 यूरो और 2.09 यूरो में ईंधन की कीमतें और भी ज्यादा थीं। हालांकि, जर्मनी में 4 अप्रैल तक किसी भी यूरोपीय देश के डीजल की कीमतें सबसे ज्यादा रिकॉर्ड की गई।

जर्मन सरकार ने ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के प्रभावों को कम करने के लिए कई उपाय किए, जिसमें लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कई फायदे शामिल हैं। इसके अलावा, जर्मनी में डीजल और गैसोलीन पर ऊर्जा कर को अस्थायी रूप से क्रमश- 14 यूरो सेंट और 30 यूरो सेंट प्रति लीटर कम किया जाना है। स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को और अधिक किफायती बनाने के लिए केवल 9 यूरो प्रति माह के लिए 90-दिन का टिकट उपलब्ध कराया जाएगा। पोलैंड में ईंधन की लागत सबसे कम है जहां ई5 की कीमत केवल 1.42 यूरो है। ये आंकड़े यूरोपीय आयोग और फेडरल कार्टेल ऑफिस में मार्केट ट्रांसपेरेंसी यूनिट फॉर फ्यूल्स (एमटीयू फ्यूल्स) के आंकड़ों पर आधारित थे। (1 यूरो 1.09 डॉलर)

## शहबाज शरीफ ने पीएम मोदी को कहा धन्यवाद, बोले- भारत से चाहते हैं बेहतर रिश्ते और सुलझाना चाहते हैं विवाद

**इस्लामाबाद** . पाकिस्तान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय प्रधानत्री नरेन्द्र मोदी को उनके द्वारा दिए गए शुभकामना संदेश के बदले में धन्यवाद कहा है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा है कि वो भारत के साथ शांतिपूर्ण और मजबूत संबंध बनाने के इच्छुक हैं। उन्होंने ये भी कहा है कि वो भारत के साथ जम्मू कश्मीर समेत सभी मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान ने भी आतंकवाद की आग में काफी कुछ खोया है अब वो शांति स्थापित करना चाहता है।

बता दें कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ को सोमवार को कार्यवाहक राष्ट्रपति शहबाज शरीफ को देश के 23वें प्रधानमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। इसके बाद अपने पहले संबोधन में उन्होंने भारत के साथ रिश्ते सुधारने के साथ-साथ कश्मीर का राग भी अलापा था। उन्होंने कहा था कि शरीफ सरकार में भारत के साथ रिश्ते बेहतर रहे हैं।

उनके पीएम बनने पर भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया था कि शहबाज शरीफ को पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। भारत समूचे क्षेत्र में शांति स्थिरता चाहता है। साथ ही पूरा क्षेत्र आतंक मुक्त हो ये भारत की प्राथमिकता है। इसलिए हमारी प्राथमिकता में आर्थिक विकास की चुनौतियां और और अपने लोगों का उत्थान सुनिश्चित करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में चले लंबे सियासी गतिरोध के बाद शहबाज के हाथों में सत्ता आई है। शहबाज शरीफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के भाई है। उन्होंने अपना राजनीतिक करियर पंजाब असेंबली से शुरू किया था।

इसके बाद वो पंजाब के सीएम भी रहे। राजनीति में आने से पहले वो एक व्यवसायी थे। उनका एक बेटा हमजा राजनीति में उनका साथ देता है तो दूसरा बेटा उनका व्यवसाय संभालता है। शहबाज पर भी कई तरह के आरोप लगाए गए।

## पाकिस्तान ने 62 नए कोविड-19 मामले दर्ज, 1 और मौत

**इस्लामाबाद**. पाकिस्तान ने 62 नए कोविड-19 मामले और एक और मौत की सूचना दी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,526,728 हो गई है, जिसमें सोमवार को 1,486,960 की रिकवरी भी शामिल है। देश में 9,406 सक्रिय मामले हैं, जिनमें 269 मरीज गंभीर स्थिति में हैं।



मंत्रालय ने कहा कि एक मरीज ने सोमवार को वायरस से दम तोड़ दिया, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 30,362 हो गई।

# क्या यूक्रेन के बाद है फिनलैंड और स्वीडन का नंबर? नाटो की सदस्यता के मुद्दे पर रूस ने दी है दोनों को सीधी धमकी

**मास्को (रायटर्स)**. रूस ने फिनलैंड और स्वीडन को सीधेतौर पर धमकी दी है कि यदि वो नाटो का सदस्य बनते हैं तो इस कदम से यूरोप में अस्थिरता का खतरा बढ़ जाएगा। रूस ने कड़े शब्दों में इन दोनों देशों को ऐसा कोई भी कदम न उठाने की सख्त चेतावनी दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्काव का कहना है कि यदि ऐसा कोई भी कदम उठाया गया तो ये इन दोनों देशों को संघर्ष की राह पर ला सकता है। बता दें कि कुछ समय पहले ही इन दोनों देशों की तरफ से नाटो की सदस्यता लेने के संबंध में एक बयान आया था। वहीं यूक्रेन पहले से ही इस मुद्दे पर एक युद्ध की विभिषिका को झेलने को मजबूर है। रूस की



तरफ से ये बयान ऐसे समय में दिया गया है जब अमेरिका ने यूक्रेन पर रूस के हमले को एक बड़ी रणनीतिक भूल करार दिया है। अमेरिका का कहना है कि रूस की इस भूल ने नाटो के विस्तार को मौका दे दिया है। जून मे होना है नाटो का सम्मेलन

आपको बता दें कि इसी वर्ष जून में नाटो का एक सम्मेलन मैड्रिड में होना है। इस सम्मेलन से पहले ही नाटो प्रमुख स्टोल्टनटेनबर्ग के एक बयान ने फिर से राजनीतिक और रणनीतिक स्तर पर पारा बढ़ाने का काम किया है। स्टोल्टनटेनबर्ग का कहना है कि यदि ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहिए तो इस ऐसा संभव हो सकता है। उनके मुताबिक यदि वो ऐसा चाहते हैं तो इसकी प्रक्रिया को भी जल्द ही पूरा भी किया जा सकता है। माना ये भी जा रहा है कि नाटो के इस बयान पर दोनों देश जल्द ही कोई फैसला भी ले सकते हैं।

यूक्रेन से जंग की वजह बना नाटो का मुद्दा

आपको यहां पर ये भी बता दें कि यूक्रेन और रूस की जंग के बीच नाटो सबसे बड़ी वजह बना था। ये जंग दूसरे माह भी जारी है और इसकी वजह से 40 लाख से अधिक लोगों को शरणार्थियों का जीवन बिताने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं इस जंग का असर केवल यहीं तक सीमित नहीं रहा है बल्कि इसकी वजह से समूचे विश्व में तेल और गैस के दामों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। इसके अलावा इसकी वजह से यूक्रेन के पड़ोसी देशों में खाद्य पदार्थों की कमी भी हो गई है। ऐसे में यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता को लेकर आगे कदम बढ़ाते हैं तो रूस उनके साथ ही यही व्यवहार कर सकता है जैसा यूक्रेन के साथ किया है। हालांकि, अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वो नाटो की सदस्यता के मुद्दे को ठंडे बस्ते में डाल चुके हैं। उनके इस बयान का अर्थ साफ है कि वो नाटों के साथ नहीं जा रहे हैं।

बावजूद इसके रूस की तरफ से छेड़ी गई जंग का फिलहाल अंत नहीं हुआ है। इस बीच दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीज भी हो चुकी है।

अब तक तटस्?थ नीति पर कायम रहे हैं फिनलैंड और स्वीडन

आपको यहां पर ये भी बता दें कि शीत युद्ध के बाद से ही फिनलैंड और स्वीडन तटस्थत नीति को कायम रखे हुए हैं। वहीं फिननैंड दुनिया का सबसे खुश देश है। ये दोनों ही देश 1995 में यूरोपियन यूनियन में शामिल हुए थे। नाटो के संबंध में फिनलैंड के प्रधानमंत्री का एक बयान बेहद खास माना जा रहा है। कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि रूस उनकी सोच से अलग है। बदलते समय में रूस के साथ भी रिश्ते बदल रहे हैं और ये पहले जैसे होंगे इसकी उम्मीद भी नहीं है। उन्होंने भविष्य में अपने देश की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए अपनी राय व्यक्त की थी।

## इमरान की पार्टी पर बड़ा प्रदर्शन दिखाने के लिए फोटोशॉप करने का आरोप



**लाहौर**. इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सोशल मीडिया हैंडल पर बड़े प्रदर्शनों को दिखाने के लिए तस्वीरों को फोटोशॉप करने का आरोप लगाया गया है।

पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार नजम सेठी, जो अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख हो सकते हैं, ने एक ट्वीट में कहा कि पीटीआई तस्वीरों को फोटोशॉप कर रही है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले पीटीआई के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में देशभर के प्रमुख शहरों की सड़कों पर उतरना शुरू कर दिया था।

खान ने पद से हटाए जाने के एक दिन बाद ट्वीट किया था, जिसे उन्होंने शासन परिवर्तन की विदेशी साजिश के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत के रूप में चिह्नित किया था।अपने समर्थकों को उत्साहित करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, ये वे लोग हैं, जिन्होंने हमेशा अपनी संप्रभुता और लोकतंत्र की रक्षा की है।

पाकिस्तान 1947 में एक स्वतंत्र देश बन गया, लेकिन स्वतंत्रता संग्राम आज फिर से शासन परिवर्तन की एक विदेशी साजिश के खिलाफ शुरू होता है। ये देश के लोग हैं जो हमेशा अपनी संप्रभुता और लोकतंत्र की रक्षा करते हैं।

फ्राइडे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल मीडिया पर खान के प्रमुख व्यक्ति अरसलान खालिद के घर पर कथित तौर पर छापा मारा गया और उसके परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए।

पीटीआई के आधिकारिक खाते ने मामले की जांच के लिए संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को बुलाया।

पीटीआई के आधिकारिक अकाउंट से किए गए एक ट्वीट में कहा गया, डिजिटल पर इमरान खान पर पूर्व-फोकल व्यक्ति, अरसलान खालिद के घर पर छापा मारा गया है और उन्होंने उसके परिवार से सभी फोन ले लिए हैं। खालिद ने कभी भी सोशल मीडिया पर किसी को गाली नहीं दी और न ही कभी किसी भी संस्थान पर हमला किया।

## इजरायल रिसॉर्ट शहर इलियट के लिए उड़ान भरने वाली एयरलाइनों को देगा पुरस्कार

**यरुशलम**. इजरायल के लाल सागर रिसॉर्ट शहर इलियट के पास रेमन हवाई अड्डे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीधी उड़ानें संचालित करने वाली एयरलाइन को 60 यूरो (65 डॉलर) का पुरस्कार दिया जाएगा। ये जानकारी पर्यटन मंत्रालय ने दी।मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, अक्टूबर और अप्रैल में दो सप्ताह की यहूदी छुट्टियों को छोड़कर, सितंबर 2022 और मई 2023 के बीच उड़ानों के लिए इनाम की पेशकश की गई है।




उन्होंने आगे कहा, यह प्रक्रिया सर्दियों में विदेशों से सैकड़ों हजारों पर्यटकों को इलियट वापस लाएगी। जनवरी की शुरूआत में इजरायल ने कोरोना के खिलाफ टीकाकरण और रिकवर यात्रियों को प्रवेश करने और फिर मार्च की शुरूआत में बिना टीकाकरण वाले सभी यात्रियों को प्रवेश करने अनुमति दी।

## पोलैंड के राष्ट्रपति की प्लेन क्रैश में हुई थी मौत, 12 साल बाद शक की सुई रूस पर घूमी

**वारसॉ**. साल 2010 में पोलैंड के राष्टपति लेक केकजिंस्कीका विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे रूस का हाथ था. पोलैंड सरकार की एक विशेष जांच समिति ने आरोप दोहराते हुए कहा है कि इस दुर्घटना के पीछे मॉस्को का ही हाथ था. बता दें कि रूस में हुई इस दुर्घटना में केकजिंस्की और 95 अन्य यात्रियों की मौत हो गई थी.

Wife की भी हो गई थी मौत

सोमवार को जारी हुई समिति



154एम विमान में 10 अप्रैल 2010 को जानबूझकर विस्फोटक उपकरण लगाया गया था. इस हादसे में केकजिंस्की के अलावा उनकी पत्नी की भी मौत हो गई थी. समिति के प्रमुख एंटनी मेसीरविज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केकजिंस्की की मौत रूस के गैर कानूनी हस्तक्षेप का परिणाम थी.पायलट्स से नहीं हुई गलती साल 2015 से 2018 तक पोलैंड की दक्षिणंथी सरकार में रक्षा मंत्री रहे मेसीरविज ने कहा, हस्तक्षेप का मुख्य और गैर-विवादित सबूत विमान के बाएं विंग में और फिर मध्य हिस्से में विस्फोट होना है. उन्होंने इस बात से इनकार किया कि पोलैंड के पायलटों या चालक दल के सदस्यों से कोई गलती हुई. हालांकि दुर्घटना के समय मौसम खराब था.

## अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करके वर्चस्व चाह रहा: लावरोव

**मॉस्को**.रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का कहना है कि यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई अमेरिका के प्रभुत्व वाली विश्व व्यवस्था के खात्मे के लिए है. उन्होंने सोमवार को रूसी टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक इंटरव्यू में दावा किया कि वाशिंगटन एड हॉक नियमों को लागू करके और अंतर्राष्टीय कानून का उल्लंघन करके वर्चस्व चाह रहा है.

वह अमेरिका के अपने तथाकथित नियम-आधारित अंतर्राष्टीय आदेश को लागू करने के प्रयासों का जिक्र कर रहे थे, जिन्हें मॉस्को और बीजिंग से मजबूत प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है.लावरोव ने बताया, ÷हमारा



विशेष सैन्य अभियान (नाटो के) बेधड़क विस्तार और अमेरिका व उसके पश्चिमी विषयों द्वारा विश्व मंच पर पूर्ण वर्चस्व की दिशा में अबाधित अभियान को खत्म करने के लिए है.

उन्होंने कहा, यह वर्चस्व अंतर्राष्टीय कानून के घोर उल्लंघन और कुछ नियमों के तहत बनाया गया है, जिसका वे अब इतना अधिक प्रचार कर रहे हैं और जिसे वे मामला-दर-मामला आधार पर बनाते हैं.÷ लावरोव ने कहा कि रूस उन राष्टों में शामिल है जो वाशिंगटन की इच्छा को नहीं मानेंगे. यह केवल बराबरी के एक अंतर्राष्टीय समुदाय का हिस्सा होगा और पश्चिमी देशों को अपनी वैध सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी करने की अनुमति नहीं देगा.

लावरोव ने यूक्रेन में और अधिक लड़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए पेश होने के लिए यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल को फटकार लगाई. ब्लॉक के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि संघर्ष युद्ध के मैदान पर जीता जाएगा क्योंकि उन्होंने पिछले शनिवार को कीव को और अधिक सैन्य सहायता की घोषणा की थी.

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# बैसाखी मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 2200 सिख तीर्थयात्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बैसाखी का उल्लास हिलोरें ले रहा है। पाकिस्तान के सिख तीर्थस्थलों का दर्शन करने व बैसाखी मनाने के लिए भारत से 2200 सिख तीर्थयात्री वहां पहुंचे हैं। पाकिस्तान सरकार ने उनके स्वागत व यात्रा मार्ग पर सभी सुविधाएं मुहैया कराने का दावा किया है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एटॉक जिले के हसन अब्दाल स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब सिखों का पवित्र तीर्थ स्थल है। इस गुरुद्वारे में गुरु नानक देव के हाथ का निशान बना होने के कारण सिख साम्राज्य के जांबाज सेनापति हरी सिंह नलवा ने इस गुरुद्वारा को गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब नाम दिया था। वहां गुरुवार को बैसाखी मेला लगना है। इस बैसाखी उत्सव का हिस्सा बनने



के लिए भारत से वाघा बॉर्डर होकर 2200 सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान के लाहौर पहुंचे हैं।

पाकिस्तान के इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। ईटीबीपी के सदस्यों के साथ पाकिस्तान के स्थानीय सिख समुदाय ने यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष तैयारी की हुई हैं।

उन्हें पुष्पहार पहनाकर गंतव्य के लिए भेजा जा रहा है। ईटीपीबी के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने बताया कि सभी सिख तीर्थ यात्रियों के स्वागत व यात्रा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लाहौर पहुंचने के बाद सभी तीर्थयात्री रेलगाड़ियों और विशेष बसों से हसन अब्दाल के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां गुरुवार को मुख्य उत्सव होना है।

रेलवे स्टेशन पर विशेष बंदोबस्त किये गए हैं, ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो। विशेष बसें व अन्य वाहन भी इन यात्रियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये तीर्थयात्री 21 अप्रैल को पाकिस्तान से वापस भारत के लिए रवाना होंगे।